Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 19 | मंगलवार, 20 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# भाजपा में अब नवीन युग

## भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन के नाम पर अधिकृत रूप से मुहर लग गई



नई दिल्ली।

नई दिल्ली। जेपी नड्डा के बाद कौन? लंबे समय तक इस प्रश्न के साथ चलती रही अटकलों पर विराम तो 14 दिसंबर 2025 को नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही लग गया था, लेकिन सोमवार को चुनाव प्रक्रिया की औपचारिकता पूरी होने के बाद अंततः भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन के नाम पर अधिकृत रूप से मुहर लग गई। चूंकि, उनके अतिरिक्त किसी अन्य दावेदार का नामांकन नहीं हुआ है, इसलिए मंगलवार को उनके निर्विरोध अध्यक्ष बनने की घोषणा होगी, साथ ही वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जेपी नड्डा अपने विस्तारित कार्यकाल में दायित्व निर्वहन कर रहे थे। पार्टी संविधान के अनुसार, 36 में से 30 प्रदेशों में अध्यक्ष का निर्वाचन पूरा होने के बाद 16 जनवरी, 2026 को राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण द्वारा जारी की गई। हालांकि, यह पहले से ही लगभग तय था कि पार्टी नेतृत्व की ओर से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए बिहार के युवा नेता नितिन नवीन ही सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाएंगे। फिर भी चुनाव प्रक्रिया की सारी औपचारिकताएं पूरी की गईं। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में दोपहर दो से शाम चार बजे तक नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के समर्थन में कुल 37 सेट नामांकन पत्र दाखिल हुए। नितिन नवीन का नाम ही प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के अनुसार, सभी नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए। चूंकि, शाम पांच बजे तक का समय नामांकन वापसी के लिए निर्धारित किया गया था, इसलिए उसके बाद राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की ओर से घोषणा कर दी गई कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम यानी नितिन नवीन का नाम ही प्रस्तावित हुआ है। उल्लेखनीय है कि नामांकन पत्रों का एक सेट भाजपा संसदीय बोर्ड की ओर से प्रस्तुत किया गया, जिस पर प्रस्तावक के रूप में पीएम मोदी सहित 37 सांसदों के हस्ताक्षर थे।

अब मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्विरोध निर्वाचन की अधिकृत घोषणा की जाएगी। इसके बाद प्रधानमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं के सामने जेपी नड्डा द्वारा नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार सौंपा जाएगा।

> हालांकि, यह पहले से ही लगभग तय था कि पार्टी नेतृत्व की ओर से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए बिहार के युवा नेता नितिन नवीन ही सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाएंगे। फिर भी चुनाव प्रक्रिया की सारी औपचारिकताएं पूरी की गईं। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में दोपहर दो से शाम चार बजे तक नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के समर्थन में कुल 37 सेट नामांकन पत्र दाखिल हुए। नितिन नवीन का नाम ही प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के अनुसार, सभी नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए। अब मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्विरोध निर्वाचन की अधिकृत घोषणा की जाएगी। इसके बाद प्रधानमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं के सामने जेपी नड्डा द्वारा नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार सौंपा जाएगा।

## अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा



अजमेर।

महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार की ओर से सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह के जरिए सिविल कोर्ट में दायर याचिका को सोमवार को सुनवाई करते हुए स्वीकार कर लिया गया। परमार और एपी सिंह ने बताया कि न्यायालय ने राजस्थान सरकार के आर्कियोलाजी डिपार्टमेंट, केंद्र के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 21 फरवरी को रखी है। याचिका में दरगाह के अंदर शिव मंदिर होने के दावे से संबंधित राजस्व दस्तावेज पेश किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि अयोध्या, काशी, संभल, सोमनाथ की तरह ही आक्रांताओं ने पृथ्वीराज चौहान की नगरी अजमेर में स्थित महादेव मंदिर को नष्ट कर यहां दरगाह बना दी गई।

## टीवीके प्रमुख विजय ने सीबीआई मुख्यालय में बिताए 6 घंटे

नई दिल्ली।



तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में सीबीआइ की दूसरे दौर की पूछताछ में जांच एजेंसी के मुख्यालय पर सोमवार को टीवीके प्रमुख और अभिनेता जोसेफ विजय से छह घंटे तक सवाल-जवाब का दौर चला। विजय से दिन भर एक उप अधीक्षक रैंक के अधिकारी की अगुवाई में भ्रष्टाचार निरोधक विंग के अधिकारियों की एक टीम ने पूछताछ की है। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता से राजनेता बने विजय से पहले 12 जनवरी को सीबीआई मुख्यालय में छह घंटे तक पूछताछ की गई थी। उन्हें 13 जनवरी को फिर से आने के लिए कहा गया था, लेकिन अभिनेता ने पोंगल के कारण एक और तारीख मांगी। विजय सुबह लगभग 10:20 बजे लक्जरी एसयूवी की एक फ्लीट के साथ सीबीआई मुख्यालय पहुंचे। वह शाम के पांच बजे के बाद वहां से निकले। सीबीआई कार्यालय के बाहर मौजूद टीवीके पार्टी के नेता सीटी निर्मल कुमार ने पत्रकारों से कहा कि वे जांच में सहयोग कर रहे हैं। कई अफवाहें फैलाई जा रही हैं जो सच नहीं हैं। कुमार ने बताया, "हम जांच एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। कृपया किसी भी गलत जानकारी फैलाने से बचें।

## मध्य प्रदेश में भीषण सड़क हादसा, 5 महिलाओं की मौत

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक कार से हुए सड़क हादसे में कम से कम पांच महिलाओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना सोमवार को बरेला में हुई। पुलिस ने बताया कि कार के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी। एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस सूर्यकांत शर्मा ने कहा, ₹बरेला में एक दुखद सड़क हादसा हुआ, जिसमें पांच महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने बताया, ₹परिवार वाले गुस्से में थे और उन्होंने यहां सड़क जाम कर दी थी। उन्होंने मांग की कि मृतक को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाए। इस पर जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की सहमति से मृतक को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 1 लाख रुपये देने पर सहमति जताई है। उन्होंने आगे कहा कि आरोपी को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, ₹घायलों को एक प्राइवेट अस्पताल में सही इलाज भी मिलेगा। हमने शामिल गाड़ी को जब्त कर लिया है।

## तिरंगे की आन पर किश्तवाड़ में कुर्बान हुआ एक और लाल

नई दिल्ली।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में एक मुठभेड़ में भारतीय सेना के स्पेशल फोर्सेज (रत्न्न) के एक पैराट्रूपर की मौत हो गई, और इलाके में सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों के साथ लोहा लेते हुए भारतीय सेना के स्पेशल फोर्सेज (रत्न्न) का एक पैराट्रूपर शहीद हो गया है। सोमवार को अधिकारियों ने पुष्टि की कि चतरू बेल्ट के घने जंगलों में जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में हवलदार गजेंद्र सिंह ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इलाके में अभी भी 2-3 आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है, जिसके लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में एक मुठभेड़ में भारतीय सेना के स्पेशल फोर्सेज (रत्न्न) के एक पैराट्रूपर की मौत हो गई, और इलाके में सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी है। जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। यह मुठभेड़ रविवार को चतरू बेल्ट में मंडराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव में हुई, जब इलाके में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के कुछ आतंकवादियों के बारे में खास जानकारी मिली थी।

> पैराट्रूपर गजेंद्र सिंह की शहादत से गमगीन हुआ देश



## भारत के खिलाफ कौन-सी चाल चल रहा बांग्लादेश?

नई दिल्ली।

भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में जमीं बर्फ गहरी होती जा रही है। इस तनावपूर्ण रिश्तों के बीच चीन के राजदूत याओ वेन ने सोमवार को तीस्ता नदी के एक प्रोजेक्ट क्षेत्र का दौरा किया। ये भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी चिकन नेक के काफी करीब है। यह 22 किलोमीटर का संकरी जमीन का पट्टी है। इसी के जरिए भारत की मुख्य भूमि से पूर्वोत्तर राज्य जुड़े हुए है। यह दौरा तीस्ता रिवर कॉम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट के तहत चल रही तकनीकी जांच से जुड़ा था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पिछले साल चीन की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने और



भारत के पूर्वोत्तर को 'लैंडलॉक्ड' बताने जैसे विवादास्पद बयान दिए थे। बांग्लादेश की जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने याओ वेन के साथ रंगपुर के तेफामधुपुर तालुक शाहबाजपुर क्षेत्र में दौरा किया। उन्होंने कहा कि चीन तीस्ता मास्टर प्लान (टीएमपी) को जल्द से जल्द लागू करने के लिए उत्सुक है। दोनों देश टीएमपी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन प्रोजेक्ट की जांच प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, इसलिए काम अभी शुरू नहीं हो सकता है। रिजवाना हसन ने स्थानीय पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चीन इस बड़े प्रोजेक्ट को बिना किसी गलती के पूरा करना चाहता है, क्योंकि बांग्लादेश के लोग इससे बहुत उम्मीदें लगा रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि दोनों सरकारें नदी किनारे के लोगों की आजीविका बचाने और बाढ़-कटाव से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बांग्लादेश के लिए तीस्ता उत्तरी जिलों में कृषि और आजीविका का आधार है। वहीं भारत के लिए, खासकर पश्चिम बंगाल के लिए, यह नदी भी उतनी ही अहम है। दशकों से तीस्ता जल-बंटवारे पर बातचीत चल रही है।

## आर्मेनिया को भेजी गई पहली खेप

# भारत के पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर का विदेशों में भी डंका



नई दिल्ली।

भारत ने रक्षा निर्यात में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नागपुर स्थित एक फैसिलिटी से आर्मेनिया के लिए पिनाका गाइडेड रॉकेट सिस्टम की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई। पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर अपनी सटीकता और लंबी रेंज के लिए जाना जाता है। इसके कई वेरिएंट 75 किलोमीटर तक के टारगेट को भेद सकते हैं, जबकि हालिया टेस्टेड वर्जन की रेंज 120 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है। यह सिस्टम भारतीय सेना की ताकत बढ़ाने के साथ-साथ अब विदेशी खरीदारों की पहली पसंद बन रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा कि सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की फैसिलिटी में बने पिनाका मिसाइलों का निर्यात शुरू हो गया है। यह भारतीय रक्षा उद्योग की मजबूती को दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹भारत अब सिर्फ आयातक नहीं रहा, बल्कि तेजी से निर्यातक बन रहा है।₹ दस साल पहले भारत का रक्षा निर्यात 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था। अब यह आंकड़ा रिकॉर्ड 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। इसी तरह घरेलू रक्षा उत्पादन 2014 में 46,425 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

# दिल्ली-समेत उत्तर भारत में कोहरे का असर

नई दिल्ली।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार राजधानी दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में कोहरे का व्यापक असर देखा जा रहा है। दिल्ली के दक्षिण-पूर्व, पूर्वी, शाहदरा, मध्य, उत्तर-पूर्व, दक्षिण, नई दिल्ली, पश्चिमी, उत्तर-पश्चिम और उत्तरी दिल्ली के कई इलाकों में मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि बाकी क्षेत्रों में हल्का कोहरा बना रह सकता है। इसी बीच 20 जनवरी 2026 को सुबह 5:50 बजे जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश के कई हवाई अड्डों पर दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई है, जिससे हवाई परिचालन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।



## संपादक की कलम से

# बंगाल महाजंगलराज नहीं

बेशक करीब 6800 कंपनियों और लघु उद्योगों ने अपने दफ्तर, कारखाने, ढांचे आदि पश्चिम बंगाल से खत्म किए हैं और महाराष्ट्र, गुजरात में स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मौजूदा कार्यकाल में ही करीब 2300 कंपनियों ने बंगाल को छोड़ा है। यह औद्योगिक विकास की नकारात्मक स्थिति है, लेकिन इसके समानांतर का यथार्थ यह भी है कि आईटी, सॉफ्टवेयर क्षेत्र में इन्फोसिस सरीखी वैश्विक कंपनी कोलकाता में


ललित शर्मा
संपादक

अपना औद्योगिक तंबू गाड़ रही है। देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह रिलायंस ने बंगाल में निवेश की घोषणा की है। सीमेंट और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों की कंपनियां बंगाल में अपने ढांचे स्थापित कर रही हैं। बेशक 2006-08 के दौर में बंगाल के सिंगूर इलाके में टाटा समूह को नैनो कार का संयंत्र उठाना पड़ा और वह गुजरात के साणंद में पुन:स्थापित किया गया। यह राजनीतिक युद्ध का विवाद बना और सर्वोच्च अदालत के दखल से किसानों की करीब 1000 एकड़ जमीन वापस करनी पड़ी। दुर्भाग्य और विडंबना है कि उसमें से करीब 300 एकड़ जमीन पर ही खेती हो पा रही है। ऐसे परिदृश्य में दुष्प्रचार किया जाता रहा है कि पश्चिम बंगाल उद्योगहीन राज्य है। यह तथ्यहीन प्रचार है, क्योंकि बंगाल देश की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसकी औसत विकास दर करीब 12 फीसदी है। यह राष्ट्रीय औसत से काफी बेहतर है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बंगाल का योगदान 6.15 फीसदी है। हालांकि यह योगदान कभी 10 फीसदी से अधिक होता था। पश्चिम बंगाल की गिनती गरीब राज्यों में की जाती है, क्योंकि उसकी प्रति व्यक्ति आय 1 लाख रुपए से भी कम है। हालांकि राज्य की जीडीपी 20.31 लाख करोड़ रुपए से अधिक है और 2030 तक 400 अरब अमरीकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। बंगाल में खनिजों के प्रचुर भंडार हैं। चावल, चाय, कपड़ा, जूट, कोयला, लौह और आईटी उद्योगों पर आधारित अर्थव्यवस्था एक मिश्रित, सामाजिक बाजार की अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल पर महाजंगलराज का गंभीर आरोप चस्पा किया है। यह भी जनता को बताया है कि 100 घरों में से औसतन 4 घरों में ही नल का जल है, जबकि यह हकीकत नहीं है। प्रधानमंत्री की नल से जल योजना की शोधपरक रपट सार्वजनिक की जाए, तो ढेरों छिद्र सामने आएंगे और योजना के भ्रष्ट आचरण की कलई खुलेगी। बहरहाल आज विषय यह नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार, 18 जनवरी को बंगाल में चुनावी शंखनाद की शुरूआत की है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को विदा करने का आह्वान किया है। बंगाल में कानून व्यवस्था के निकम्मेपन, सांप्रदायिक तनाव और हिंसा, घुसपैठ, बांग्लादेशी, रोहिंग्या सरीखे अवैध प्रवासियों का संरक्षण तथा वोट बैंक, भ्रष्टाचार आदि के हालात समझ में आते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी 15 साल पुरानी सत्ता पर ढेरों सवाल किए जा सकते हैं, लेकिन महज चुनावी राजनीति के मद्देनजर उस पर महाजंगलराज चस्पा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बंगाल में राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर, वंदे मातरम जैसे राष्ट्रीय गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस से लेकर कालजयी फिल्मकार सत्यजीत रे तक महान हस्तियों की एक लंबी सूची है, जिन्होंने बंगाल की भद्र और कलात्मक संस्कृति को सींचा। उसे महज एक सरकार के क्रियाकलापों के कारण महाजंगलराज करार देकर आरोपित करना पाप है। चुनाव का मौसम आ गया है, तो राजनीतिक दल कुछ भी आरोप लगाएंगे, लेकिन देश का प्रधानमंत्री महाजंगलराज की बात कहे, तो वह सवालिया और अस्वीकार्य होना चाहिए।

## कविता

### मजबूर है जनता की सरकार



### स्वागत में बसंत के

स्वागत में बसंत के प्रकृति ने की है मनोरम तैयारी,
आ गई ऋतुराज बसंत की ₹आनंद₹ खुशनुमा सवारी,
फिजाओं में घुली खुशबू कुसुमों के पल्लव पराग की,
और खिल गई बागों में नूतन नन्ही कलियों की क्यारी।

चहक रही है चिड़िया और पंछी कर रहे मधुरम गान,
झूम रही है लताएं खुशी से छेड़ सप्त स्वरों की तान,
बॉह खोल खड़ी हैं दिशाएं छटा बिखरी अनुराग की,
और खिले सुनहरे रंग में जगमग सारे खेत खलिहान।

बह रही तन मन को आनंद देने वाली सुगंधित बयार,
तितलियॉ कर रही गुणगान और भंवरें कर रहे गुंजार,
संचार हुआ नवचेतना का घड़ी आई अवसाद त्याग की,
और फैला दशों दिशाओं से धरा पर अनन्य प्रेम अपार।

बसंत के आने से स्पंदित हुआ जीवन ढेरों खुशियॉ छाई,
सूरज ने ऊर्जा भरी प्राणियों में सुनहरी किरणें मुस्कुराई,
श्वासों में बढ़ा सुख सुंदर व चमकी चेतना भू भाग की,
और मोह कर सभी को बसंत ने की अंतस में रोशनाई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अस्मिता की निर्णायक परीक्षा-घड़ी

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां सत्ता, संघर्ष, कानून और जनभावना-चारों धाराएं एक-दूसरे से टकराती हुई दिखाई देती हैं। यह टकराव केवल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भर नहीं है, बल्कि यह उस शासन शैली, लोकतांत्रिक मयार्दा और विकास दृष्टि की भी परीक्षा है, जिसके आधार पर बंगाल अपनी आने वाली राजनीतिक दिशा तय करेगा। लंबे समय तक ॒खेला होगा॒ के नारे के सहारे भाजपा को रोकने में सफल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इस बार परिस्थितियां अपेक्षाकृत अधिक जटिल, चुनौतीपूर्ण और बहुआयामी नजर आ रही हैं। आज समूचे देश की नजरे पश्चिम बंगाल पर टिकी है। वहां आगामी विधानसभा काफी रोमांचक एवं निर्णायक होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल का नया भविष्य बुनने की दिशाएं उद्घाटित होगी। एक ओर केंद्र और राज्य के बीच टकराव अपने चरम पर है, तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, अदालती टिप्पणियां और कानूनी बहसें राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित कर रही हैं।



सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने केवल एक कानूनी प्रश्न ही नहीं उठाया, बल्कि यह संकेत भी दिया कि राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप की सीमाएं कहां तक हो सकती हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ममता बनर्जी की उस राजनीतिक छवि को आंशिक रूप से प्रभावित किया है, जो अब तक स्वयं को केंद्र के कथित दमन के विरुद्ध संघीय ढांचे की रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं। अदालतों में लंबी चलने वाली कानूनी लड़ाइयों का राजनीतिक प्रभाव तुरंत और गहरा होता है, विशेषकर तब, जब चुनाव नजदीक हों और जनता का ध्यान प्रशासनिक उपलब्धियों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप पर केंद्रित होने लगे। बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरूआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया। किंतु समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, संगठन पर अत्यधिक नियंत्रण और विरोध के प्रति असहिष्णुता जैसे आरोप भी समानांतर रूप से उभरते गए। भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है। महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है। यहां की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक स्मृति किसी भी दल के लिए आसान नहीं रही है। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनकी जमीनी पकड़ और भावनात्मक अपील है, जो उन्हें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अलग, एक क्षेत्रीय और स्थानीय नेता के रूप में स्थापित करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव वास्तव में इस बात की कसौटी होंगे कि जनता विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है या फिर भावनात्मक और पहचान आधारित राजनीति को? क्या ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता में लौटकर यह सिद्ध कर पाएंगी कि केंद्र से टकराव ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, या भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल होगी कि परिवर्तन ही स्थायित्व और विकास का रास्ता है, यह प्रश्न अभी खुला हुआ है। अदालती प्रक्रियाएं, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी रणनीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम निर्णय बंगाल की जनता के हाथ में है। पश्चिम बंगाल की राजनीति आज संकीर्णता और सांप्रदायिक ध्रूवीकरण के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसने विकास की गति को गंभीर रूप से अवरुद्ध किया है। कभी देश की आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक राजधानी कहलाने वाला बंगाल-विशेषकर कोलकाता, आज निवेश, उद्योग और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ता हुआ दिखाई देता है। ममता बनर्जी के लंबे शासनकाल में औद्योगिक विश्वास का क्षरण, पूंजी पलायन, बंद होती इकाइयाँ और युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन इस गिरावट के स्पष्ट संकेत हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न, विपक्षी आवाजों का दमन और चुनावी हिंसा की घटनाएँ राज्य के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करती हैं। इसके साथ ही, राज्य में सामाजिक ताने-बाने को लेकर बढ़ती आशंकाएँ भी कम चिंताजनक नहीं हैं। अनेक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक संबंधों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं; विशेषकर हिंदू समाज के एक हिस्से में असुरक्षा की भावना ने जनमन को आहत किया है। इन घटनाओं और धारणाओं ने जनता के भरोसे को कमजोर किया है और शासन के प्रति निराशा को बढ़ाया है। राजनीति जब पहचान और विभाजन के इर्द-गिर्द सिमटती है, तो विकास, समावेशन और सामाजिक सौहार्द पीछे छूट जाते हैं, यही आज के बंगाल की त्रासदी बनती दिख रही है।

ऐसे समय में बंगाल की जनता के लिए अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है। यह राज्य केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि उसकी अस्मिता उसकी बौद्धिक परंपरा, भावनात्मक संवेदनशीलता, धार्मिक सहअस्तित्व, आध्यात्मिक खोज और समृद्ध साहित्यिक विरासत से निर्मित है-रवींद्रनाथ से विवेकानंद तक की धरोहर इसे दिशा देती रही है। दंगों, हिंसा और भय के साए में इस अस्मिता पर जो दाग लगे हैं, उन्हें मिटाने का मार्ग शांतिपूर्ण, जागरूक और निर्भीक लोकतांत्रिक सहभागिता से ही निकलेगा। आगामी चुनाव जनता के लिए आत्ममंथन और आत्मनिर्णय का अवसर हैं-जहाँ मत केवल सत्ता नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य, उसकी संस्कृति और उसके लोकतांत्रिक आत्मसम्मान की रक्षा का माध्यम बनना चाहिए। बंगाल की बनती नई तस्वीर अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। यह तस्वीर संघर्ष और संभावनाओं, आशंकाओं और उम्मीदों से बनी है। एक ओर सत्ता का अनुभव और जनाधार है, तो दूसरी ओर आक्रामक विपक्ष और राष्ट्रीय राजनीति की ताकत। लोकतंत्र की यही खूबी है कि वह अंतिम शब्द जनता को देता है। बंगाल के मतदाता ही तय करेंगे कि शह-मात की इस राजनीति में अगली चाल किसकी होगी और कौन-सा पक्ष अंततः बाजी मारेगा।


ललित गर्ग

# मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है: प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को विकास खण्ड सेमरियावा के दुधारा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा में सोमवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है। मनरेगा आपके काम करने के संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करती है। मनरेगा में हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी



अब काम केवल मोदी सरकार द्वारा चुने गये गांवों में ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपके न्यूनतम मजदूरी पाने के अधिकार को छीना जा रहा है। आपकी मजदूरी का 100% भुगतान केन्द्र सरकार करती थी इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिन्ता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध कराती थी लेकिन अब राज्य सरकारों को मजदूरी का 40% हिस्सा खुद देना होगा- खर्च बचाने के लिए हो सकता है वो काम ही उपलब्ध न कराएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गये बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम वेतन 400 रुपए होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्याय पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद तव्वाब और संचालन जिला उपाध्यक्ष अहमद जमाल अंसारी ने किये। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, अहमद जमाल अंसारी, अरूण पाण्डेय, मोईन अंसारी, मु. परवेज अख्तर, रूआब अली अंसारी, बेचन, मोहम्मद तव्वाब, शहजाद अहमद, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद जैद, एडवोकेट मोहम्मद सालिम, बिलाल अहमद मुहम्मद आरिफ, इश्तियाक अहमद, हीरालाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। दुधारा में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम में एडवोकेट मोहम्मद सालिम, बेलाल अहमद, मुहम्मद आरिफ, मोहम्मद जैद सहित दर्जनों युवाओं ने अयान खान, शमीम अहमद, शाद खान, मोहम्मद इब्राहिम, फैजान अहमद, मोहम्मद आरिफ आदि रहे।

# दुधारा निवासी मोहम्मद अम्मार को इंडियन एयरफोर्स में भर्ती होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के गांव दुधारा निवासी मोहम्मद तलहा के पुत्र मोहम्मद अम्मार इंडियन एयरफोर्स में भर्ती हुए हैं वह कर्नाटक में प्रशिक्षण भी ले रहे हैं इसकी खबर मिलने पर उनके पैतृक गांव दुधारा सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक अफसर यू अहमद, दिलशाद अफसर, अहमद जमाल अंसारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मशहूर आलम चौधरी, महमूद आलम चौधरी, जिला पंचायत सदस्य कायनात फातिमा, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अहमद खान, हाजी वसी अहमद खान, अब्दुल कलाम, रिजवान मुनीर, बबलू खान, मुहम्मद




परवेज अख्तर, जफीर करखी, मोहम्मद अदनान, महेन्द्र श्रीवास्तव, खुर्शीद आलम, अतीक अहमद, नूर आलम, तरीकत हुसैन सिद्दीकी, मौलाना ओबैदुर्रहमान, एडवोकेट मोहम्मद सलीम, एडवोकेट जहीर अहमद, बेलाल अहमद, मोहम्मद शाहिद, हाफिज मोहम्मद इमरान, सलमान अहमद, मोहम्मद तव्वाब आदि।

# निगम ने अतिक्रमणकारियों का सामान किया जब्त और जुमार्ना भी वसूला

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने 62 फुटा वेंडिंग जोन में आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान एक लकड़ी का शौपीस, दो काउण्टर व तीन मेज जब्त की गयी और आठ दुकानदारों से साढे.16 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया। इसके अलावा पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले एक दुकानदार से भी एक हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

नगर निगम द्वारा 62 फुटा रोड पर वेंडिंग जोन में 149 थले बनाये गए थे। इनमें से अनेक थलों पर कुछ स्थानीय लोगों



ने अवैध कब्जा कर उनमें लकड़ियां, लकड़ी का फर्नीचर, कोयला व अन्य सामान भर रखा था। आज दोपहर नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सहायक अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा प्रवर्तन दल की टीम के साथ 62 फुटा पहुंचे और थलों पर अवैध रुप से कब्जा व अतिक्रमण करने वालों को हटाया और उन पर जुमार्ना भी लगाया गया। सुधीर शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान आठ दुकानदारों से 16 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूला गया तथा थलों पर अवैध रुप से रखा गया लकड़ी का एक शौ पीस, दो काउण्टर व तीन मेज जब्त कर निगम लायी गयी।

# दानघाटी मंदिर के समीप थाने के सामने सिलेंडर में लगी आग

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** दानघाटी मंदिर के समीप थाने के सामने उस समय भगदड़ मच गई जब वहां दुकान में लगे सिलेंडर ने आग पकड़ ली। पुलिस ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। थाने के सामने भगवान दास सैनी की श्रीगिरिराजजी परांठे वाले के नाम से दुकान है। दुकान संचालक परांठे बेचता है। सोमवार को शाम करीब पांच बजे अचानक सिलेंडर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। भीड़भाड़ वाले व्यस्ततम एरिया में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की



सूचना पर सीओ अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी भगवत सिंह मय पुलिसफोर्स के मौके पर पहुंच गए और लोगों का आवागमन बंद कराकर आग बुझाने में जुट गए। सीओ और थाना प्रभारी खुद जलते सिलेंडर के पास गए और बमुश्किल आग पर काबू पाया। पुलिस के कार्य की चहुओर सराहना हो रही है। पुलिस की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया और कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका।

# आगरा की बेटी ने विश्व में बढ़ाया भारत का मान योगेंद्र उपाध्याय ने किया सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**आगरा** से संवाददाता मयूर खान आगरा। दुबई में आयोजित 7 वें रोल बॉल वर्ल्ड कप 2025 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय रोल बोर्ड टीम में आगरा शहर से चयनित प्राची पचौरी ने गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम विश्व में रोशन किया है। 16 देशों की भागीदारी वाली इस चैंपियनशिप में भारतीय महिला रोल बॉल टीम ने केन्या को 3-2 से हराकर वर्ल्ड कप जीता है। केन्या लगता तीसरी बार किताब जीतने के इरादे से उतरी थी लेकिन प्राची पचौरी, इशिका शर्मा, सुविधा सरीन ने फाइनल में शानदार तालमेल दिखाया जो जीत का कारण बना था। यह भारत का तीसरा महिला रोल वर्ल्ड कप खिताब है, जिसमें प्राची ने अपनी खेल प्रतिभा को दिखाते हुए विश्व विजेता टीम को शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश सरकार के



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्राची पचौरी के रुई की मंडी शाहगंज स्थित निवास पर पहुंच कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा आज भारत की नारी शक्ति का डंका रोल बॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी देखने को मिला है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्राची पचौरी से रोल बॉल खेल में उनके चैंपियन बनने की यात्रा, संघर्ष और खेल की पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त की। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्राची पचौरी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार खेल प्रतिभाओं के साथ है। उन्होंने प्राची को आश्वस्त किया कि खेल से संबंधित किसी भी समस्या या आवश्यकता के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। इस अवसर पर वर्ल्ड चैंपियन विजेता प्राची पचौरी ने बताया कि प्राची ने बताया वह इस खेल में पिछले 10 वर्षों से लगातार कठिन परिश्रम कर रही हैं और वर्तमान में बोस्टन पब्लिक स्कूल पश्चिम पुरी में कोच सुमित पाराशर के निर्देशन में लगातार अभ्यास कर रही हैं 10 नवंबर से 25 से 10 दिसंबर 25 तक पुणे में आयोजित इंडिया कैंप में एक माह के प्रशिक्षण के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड कप खेलने दुबई रवाना हुई, जहां पर भारतीय टीम ने विश्व कप में प्रतिभा कर रही 16 देश की टीमों को हराकर वर्ल्ड कप खिताब पर कब्जा किया। भारत ने सेमीफाइनल में ईरान तथा फाइनल में केन्या को 3-2 से करारी शिकस्त दी। प्राची ने हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा सेंट पॉल चर्च कॉलेज संजय पैलेस आगरा से सर्वोच्च 95% प्रतिशत के साथ पास की है। अभी तक प्राची ने राष्ट्रीय स्तर पर रोल बॉल प्रतियोगिताओं में 6 स्वर्ण दो रजत तथा दो खास पदक जीते हैं। प्राची का चयन इंदौर में आयोजित सीनियर नेशनल रोल बॉल टूनामेंट में परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। फाइनल में तमिलनाडु को हराकर विश्व कप टीम में अपना स्थान पक्का किया। कैबिनेट मंत्री ने प्राची के परिजनों का भी किया सम्मान महिला रोल बॉल 2025 वर्ल्ड चैंपियन प्राची पचौरी के निवास पर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्राची पचौरी के पिता डॉ दिग्विजय पचौरी, माता साधना पचौरी भाई जलज पचौरी का भी अभिनंदन किया कैबिनेट मंत्री ने कहा आज देश की बेटियां विश्व में भारत का नाम रोशन कर रही है।

# प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**नोएडा।** भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष पंडित सुमित शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकताओं द्वारा एलजी चौराहे से तिरंगा यात्रा प्रारंभ कर जिलाधिकारी कार्यालय गौतमबुद्धनगर तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जहां अपर जिलाधिकारी गौतमबुधनगर के द्वारा प्रधानमंत्री को ज्ञापन भिजवाकर पूर्व सांसद व विधायकों की पेंशन बंद कराने व देश की रक्षा करने वाले सभी जवानों उत्तर प्रदेश पुलिस की पेंशन चालू कराने व पीआरडी होमगार्ड को भी 10 हजार रुपए प्रति महीना पेंशन देने की मांग सहित जनपद मे आए दिन हो रही ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्याओ 12 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदलवाने व 18 घंटे बिजली देने व सुबह 9 तक लाइट दी जाने और यूरिया खाद दालाए जाने की समस्याओं को लेकर सभी के साथ ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष पंडित सुमित शर्मा द्वारा




बताया गया की तिरंगा यात्रा के बाद जनपद में सदस्यता अभियान शीघ्र चलाया जाएगा जिससे संगठन को मजबूती प्रदान होगी। किसान एवं मजदूरों की अनेक समस्याओं को दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे इसके लिए सड़कों पर उतरकर सभी को धरना प्रदर्शन क्यों नहीं बाध्य होना पडे। तिरंगा यात्रा के दौरान जिलाधिकारी गौतमबुधनगर को ज्ञापन देने में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर पंडित सुमित शर्मा, हरजीत भाटी प्रदेश प्रचार महामंत्री, राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगेश भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा सचिन प्रधान, डा सुनील भाटी, पूर्व प्रदेश सचिव प्रशान्त चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एल शर्मा, सुमित त्यागी, ललित शर्मा, प्रशान्त शर्मा, रैनिश रौसा, आकाश शर्मा, शुभम पण्डित, कृष्ण भड़ाना, जय गुर्जर अभिषेक गुर्जर, दिनेश सोलंकी, विष्णु दत्त त्यागी, आदेश शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार अवाना, ठाकुर सुनील सिंह प्रदेश महामंत्री, बंटी सिंह लोधी युसूफ बास्तुवि जिला प्रवक्ता, देवेंद्र चौधरी, सुमित जादौन युवा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, सहित सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तैय्यबपुर गांव के विकास कार्यों की होगी जांच




**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के विकास कार्यों की जांच कमेटी गठित की गई है जिसमें भूमि संरक्षण अधिकारी बुलंदशहर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी ने बीडीओ शिकारपुर को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया है। वहीं शिकारपुर विकास खंड क्षेत्र के गांव तैय्यबपुर के ग्राम प्रधान व सचिव के विकास कार्यों की जांच 22 जनवरी 2026 को समय करीब 11:00 बजे निर्धारित की गई है। जांच अधिकारी ने निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान अपने सभी साक्ष्यों सहित जांच के समय उपस्थित हो शिकायतकर्ता धर्मेंद्र कुमार पुत्र ओंकार सिंह निवासी गांव तैय्यबपुर ने गांव में विकास कार्यों में धांधले बाजी का आरोप लगाते हुए बताया है कि ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के द्वारा विकास कार्यों में की गई।

# सरकारी विद्युत वितरण कंपनियों में उल्लेखनीय सुधार के बाद पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए झ संघर्ष समिति

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने मांग की है कि पूर्वांचल तथा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। समिति ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकारी वितरण कंपनियों ने न केवल अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि राजस्व वसूली और लाइन हानियों में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की दक्षता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने स्वयं स्वीकार किया है कि देश की सरकारी विद्युत वितरण कंपनियों ने व्यापक सुधार करते हुए एक नया अध्याय लिखा है वर्ष 2013झ14 में जहां डिस्कॉम ?67,952 करोड़ के घाटे में थे, वहीं वर्ष 2024झ25 में




उनकी स्थिति सुधरकर ?2,701 करोड़ के मुनाफे में आ गई है। राष्ट्रीय स्तर पर एटी एंड सी (अळ&उ) हानियां घटकर 15.04% तक सीमित हो गई हैं, जो निर्धारित मानक है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 अमित सिंह ने कहा कि इन सुधारों के पी आरडीएसएस स्कीम के अंतर्गत बड़े तकनीकी निवेश, और बिजली कर्मियों की सतत मेहनत एवं समर्पण प्रमुख कारण रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में ही ?67,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया जा चुका है और इसके परिणाम साफ दिखाई देने लगे हैं। समिति के पदाधिकारी नवनीत सिंह आरोप लगाया कि जब सरकारी वितरण कंपनियाँ लगातार बेहतर परिणाम दे रही हैं, तब उत्तर प्रदेश की करोड़ों की सार्वजनिक परिसंपत्तियों को निजी घरानों के हवाले करना जनविरोधी कदम है। निजीकरण की स्थिति में किसानों और गरीब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने तथा बिजली दरों में वृद्धि की पूरी आशंका है। समिति के पदाधिकारी विवेकानंद नायक ने कहा कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम के निजीकरण के विरोध में जारी आंदोलन आज 418वें दिन भी पूरे प्रदेश में सभी जनपदों व परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शनों के साथ जारी रहा।

# परम ओंकार मंदिर में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 01 फरवरी से

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**मथुरा।** टाउनशिप स्थिति ओंकारेश्वर कॉलोनी के परम ओंकार मंदिर में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 01 से 07 फरवरी 2026 पर्यंत अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं शब्द सृजन संस्था (पंजी.) के संस्थापक अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, विश्व रिकॉर्ड धारक डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया है कि महोत्सव के अंतर्गत दोपहर 01 से सायं 05 बजे तक टाउनशिप स्थिति शक्तिधाम मंदिर के अधिष्ठाता व प्रख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्यश्री पीताम्बर महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का रसास्वादन कराएंगे। इण्टर कालेज, सेरसा के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 01 फरवरी को प्रातः 10 बजे निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगा।



04 फरवरी को एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन हैं जिसमें दिल्ली, गाजियाबाद आगरा, मथुरा आदि स्थानों के श्रेष्ठ कवि गण कविता पाठ करेंगे। इसके अलावा 08 फरवरी को दोपहर 01 बजे पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

महोत्सव की मुख्य आयोजिका श्रीमती उमादेवी पाण्डेय (मैनपुरी), श्रीमती सरस्वती पाण्डेय, संकल्प पाण्डेय, बन्टेश शर्मा, सतेंद्र शर्मा, डॉ. आदर्श धनगर आदि ने सभी से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# चोरी की घटना में वांछित शातिर बदमाश के साथ थाना स्याना पुलिस की हुई मुठभेड

**वेलकम इंडिया**

**स्याना/बुलंदशहर**/चोरी की घटना में वांछित शातिर बदमाश के साथ थाना स्याना पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी करने के उपकरण व बुलेट बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 18/19.01.2026 की रात्रि को एक अभिसूचना के आधार पर थाना स्याना पुलिस टीम हनीफ गढ़ी राणापुर वाले बम्बे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी बुलेट बाइक पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया, नहीं रुका तथा बदमाश पुलिस टीम को देखकर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा




की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। *गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान टीटू उर्फ मोनू पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी स्याना में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बुलेट बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि घायल बदमाश एक शातिर किस्म का चोर अपराधी है, जिसके द्वारा थाना स्याना क्षेत्र में दिनांक 15.11.2025 को मण्डी स्थित दुकान में चोरी तथा दिनांक 22.11.2025 को मौ0 पट्टी डहर में घर के बाहर से ट्रैक्टर चोरी की घटनाएँ कारित की गई थीं, जिनके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 390/25 धारा 305(ए) बीएनएस व मु0अ0सं0 435/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। उक्त दोनों अभियोगों में अभियुक्त टीटू उर्फ मोनू लगातार वांछित चल रहा था तथा उसके विरुद्ध चोरी, लूट आदि के कुल 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

# ठाकुर श्री जानकी वल्लभ मन्दिर में त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव 22 से 24 जनवरी तक

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** केशीघाट स्थित ठाकुर श्री जानकी वल्लभ मन्दिर में श्रीजानकी वल्लभ लाल महाराज का 51 वां एवं श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वरजी, श्रीहनुमानजी तथा ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा की मूर्ति प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव 22 से 24 जनवरी 2026 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए स्यूपी रत्नस्र डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि बैकुंठवासी जगदगुरू रामानुजाचार्य श्रीस्वामी भगवानदासाचार्य महाराज की कृपा से जानकी मन्दिर के अध्यक्ष जगदगुरू स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के अंतर्गत 22 जनवरी को प्रातः काल श्रीलक्ष्मीवेंकटेशजी का तिरूमंजन एवं सायंकाल धर्मग्रंथों का पाठ व कीर्तन



आदि होंगे।23 जनवरी को प्रातः काल श्रीजानकी वल्लभजी का तिरूमंजन, अपराह्न 04 से सायं 7 बजे तक स्रामजी का वात्सल्य गुणस्र विषय पर वृहद संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित होगा। इसके अलावा 24 जनवरी को प्रातः 10 बजे से तदीयाराधन (वृहद भंडारा) सम्पन्न होगा। संत रघुनाथाचार्य महाराज और गोविंद ब्रह्मचारी महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थिति होने का अनुरोध किया है।

# हिंदी चेतना शिखरझ2026 : दिल्ली में वैश्विक हिंदी, संस्कृति और सौहार्द का भव्य उत्सव

**डॉ. शंभु पंवार**

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी।राजधानी के राजेंद्र भवन ऑडिटोरियम में हिंदी चेतना शिखर -2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का भव्य, गरिमामयी एवं ऐतिहासिक आयोजन हुआ। यह आयोजन देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, धरा धाम इंटरनेशनल, पं. तिलक राज शर्मा स्मृति ट्रस्ट (अमेरिका) एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (श्रीलंका) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समारोह में देशझविदेश से पधारे शिक्षाविदों, साहित्यकारों, सामाजिक चिंतकों, सांस्कृतिक दूतों एवं बुद्धिजीवियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दूत रसायाचार्य डॉ. आई. मेड धर्मायसा, संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध आधिकारिक प्रतिनिधि जनरल प्रो. जसवीर सिंह (वठऋड / कढऋझकऋड, वरअ), अंतरराष्ट्रीय



हिंदीझदेवनागरी प्रवर्तक डॉ. इंदरजीत शर्मा अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार एवं योगझध्यान प्रशिक्षक (माल्टा) डॉ. चोगशुआ नोगा झांग, संस्कृत साहित्य विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. (डॉ.) देवेश कुमार मिश्र, तथा धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख मानद कुलपति, जगत धर्म चक्रवर्ती एवं सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय (धरा धाम विश्व सद्भाव पीठ) एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार विचारक एवं धरा गवर्नर डॉ. शंभु पंवार मंचासीन रहे ।कार्यक्रम का कुशल, ओजस्वी एवं प्रभावी संचालन शिक्षाविद् डॉ. निशा अग्रवाल द्वारा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में देवनागरी उत्थान फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. सुनील दुबे, धरा धाम इंटरनेशनल के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. प्रेम प्रकाश पाण्डेय, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के प्रतिनिधि डॉ. नारायण यादव, डॉ. बी. एम. उवैस, डॉ. सचिदानंद झा ह्यशांडिल्यह्व, डॉ. शंभू पंवार सहित अनेक पदाधिकारियों एवं आयोजक सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आवासीय व मिश्रित भवनों पर जलकल का सरचार्ज माफ

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** नगर निगम जलकल का सरचार्ज शत प्रतिशत माफ कर दिया है इसका लाभ शहर के आवासीय व मिक्स्ड भवनों को मिलेगा ऐसे में अब 31 मार्च तक पुराने जलकर पर एक रुपया भी सरचार्ज नहीं देना होगा हालांकि व्यावसायिक भवन को छूट के दायरे से बाहर रखा गया हैं मैदागिन स्थित टाउनहाल में सोमवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई निगम सदन का साधारण अधिवेशन में महापौर ने इसी माह के अंत तक संशोधित बिल जारी करने का आदेश दियो सदन में यह ी धारा-91(2) के तहत पार्षद सुरेश कुमार चौरसिया ने एकीकृत बिलों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जलकल विभाग ने बिना किसी पूर्व



नोटिस के कई वर्षों का बकाया सरचार्ज सहित भेज दिया है उन्होंने पूर्व में जलकल विभाग प्रति वर्ष एक मुश्त जमा समाधान योजना के अन्तर्गत सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट देती रही है वही इस बार निगम जलकर, सीवरकर व हाउस टैक्स का एकीकृत बिल भेजा है यही नहीं बिना नोटिस दिए कई वर्षों का सरचार्ज जोड़ दिया गया है उन्होंने पूर्व की भांति जलकर पर सरचार्ज माफ करने की करने का सुझाव दियो सदन ने इसे सर्वसम्मत से स्वीकार कर लिया ऐसे में सरचार्ज माफ होने से जलकर के बकाये दारों को बड़ी राहत मिल गई सदन में उपसभापति नरसिंह दास ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के टैक्स का मुद्दा उठाया उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि बीएचयू का अपना खुद का वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट है इसलिए उन पर जल और सीवर कर लगाना उचित नहीं है सदन ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि बिलों से जलकर, सीवर कर और ब्याज को संशोधित किया जाऐ उपसभापति के प्रस्ताव पर सदन ने सहमति जताते हुए ब्याज माफ कर संशोधित बिल जारी करने का निर्णय लिया साथ ही भुगतान किस्तों में जमा करने की सहूलित देने की भी सहमति बनी उनके प्रस्ताव पर अमृत जल मिशन के तहत दिए गए 'भ्रामक' डबल कनेक्शनों को भी समायोजित करने की भी सदन में सहमति बनी काशी आने वाले पर्यटकों को ठगी से बचाएगा 'रेट-बोर्ड पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए पार्षद अमरेश कुमार ने कहा कि मैदागिन से अस्सी तक दुकानदार मनमाना पैसा वसूल रहे हैं ऐसे ?अब सभी खान-पान की दुकानों पर रेट-बोर्ड लगाना अनिवार्य होगो सदन ने इसकी सहमति दे दी इसी कार ?बाबा विश्वनाथ मंदिर के दो किमी के दायरे में 400-500 कमरों वाली सरकारी धर्मशाला बनाने पर भी गंभीरता विचार करने के निर्णय लिया गया ताकि पर्यटकों को खुले में न सोना पड़े अवैध कब्जे और भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख पार्षद मदन मोहन दूबे ने 'डोर-टू-डोर' कूड़ा उठाने वाली कंपनी को कटौती कर भुगतान करने के प्रकरण उठायौ।

# रूस के कोवसटियून पहुंचे भगवानपुर गंगा घाट।

**बुगरासी।** रूस के रहने वाले गंगा में जल मार्ग से पनडुब्बी से भगवानपुर गंगा घाट पर रूक कर मन्दिर में रूके ।मौके पर मौजूद दरोगा पंकज शर्मा ने बताया कि रूस के रहने वाले कोवसटियून ने बताया कि मै ऋषिकेश से बोट में बैठकर जल मार्ग से कलकत्ता तक जाऊंगा। उन्होंने यह भी बताया कि मैं गंगा किनारे पडने वाले प्रत्येक धार्मिक स्थल पर रूककर उसके बारे में पूरी जानकारी लेकर ही आगे बढता हूं। दरोगा पंकज शर्मा ने उन्हें एक तिरंगा भी भेंट किया। उन्होंने भारत के तिरंगे को अपनी बोट पर लगाया ।एक तरफ भारत का झंडा तो दूसरी तरफ रूस का झंडा बोट पर लगाया और बोट में बैठकर जल के रास्ते से कलकत्ता की तरफ रवाना हो गये।

# हिन्दी के सुप्रसिद्ध समीक्षक एवं साहित्यकार बाबू गुलाब राय का 138 वां जयंती समारोह 22 जनवरी को

**वेलकम इंडिया**

**वृन्दावन।** गौशाला नगर (निकट गोरे दाऊजी मन्दिर) स्थित परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मन्दिर में बाबू गुलाब राय स्मृति संस्थान, आगरा के द्वारा हिन्दी के सुप्रसिद्ध समीक्षक एवं साहित्यकार बाबू गुलाब राय का 138 वां जयंती समारोह 22 जनवरी 2026 को मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित किया गया है। बाबू गुलाब राय स्मृति संस्थान की अध्यक्ष डॉ. शशि तिवारी व उपाध्यक्ष आदर्श नन्दन गुप्ता ने बताया कि साहित्य-संस्कृति मनीषी स्यूपी रत्नस्र डॉ. गोपाल चतुर्वेदी (वृन्दावन) की अध्यक्षता में



आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री, भारत सरकार प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल एवं मुख्य वक्ता प्रख्यात लेखक अतुल प्रभाकर होंगे।साथ ही बाबू गुलाब राय की पौत्री डॉ. दीपशिखा इंजीनियर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# आपसी सहमति से तिब्बती मार्किट हुई खाली

वेलकम इंडिया





**सहारनपुर।** तिब्बती मार्किट के अवैध थलेदारों और नगर निगम के बीच बनी सहमति से अवैध थलेदारों द्वारा स्वयं तिब्बत मार्किट खाली कर दी गयी। तिब्बती मार्किट के इन अवैध थलेदारों के अनुरोध पर उन्हें 62 फुटा स्थित वेंडर जोन में शिफ्ट करने की प्रक्रिया नगर निगम द्वारा शुरू कर दी गयी है।

तिब्बती मार्किट में अवैध थलेदारों को नगर निगम द्वारा सड़क से स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए विभिन्न समयान्तराल में तीन नोटिस दिए गए और कई बार मुनादी भी करायी गयी थी। लेकिन इसके बाद भी थलेदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण न हटाने पर तीन दिन पहले नगर निगम द्वारा पुनः मुनादी कराते हुए थलों पर एक बार फिर नोटिस चस्पा कर 18 जनवरी से पूर्व तक अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी थी। नोटिस में स्पष्ट कहा गया था कि उसके बाद निगम द्वारा अपने संसाधनों से अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा और उसका खर्चा भी उनसे वसूल किया जायेगा। कल 18 जनवरी तक भी अवैध रुप से सड़क पर बैठे थलेदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया। 18 जनवरी की शाम को निगम द्वारा एक बार फिर तिब्बती मार्किट में एनांउस कराया गया और कहा गया कि बार-बार नोटिस देने तथा मुनादी कराने के बाद भी उनके द्वारा अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया है अतः निगम को यह अवैध अतिक्रमण स्वयं हटाने की कार्रवाई करनी पडेगी। सभी अवैध थलेदारों से अपना सामान हटाकर थले खाली करने की भी अपील की गयी थी। नगर निगम द्वारा आज तिब्बती मार्किट से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए समस्त तैयारी कर ली गयी थी। इसी बीच आज सुबह तिब्बती मार्किट के अवैध थलेदारों ने निगम अधिकारियों से मिलकर उनसे किसी अन्य स्थान पर थले उपलब्ध कराने का अनुरोध किया और आश्वासन दिया कि थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न की जाए, वे स्वयं ही अपना सामान हटाकर थले खाली कर देंगे।

जिस पर नगर निगम और अवैध थलेदारों के बीच सहमति के बाद तिब्बती मार्किट के अवैध थलेदारों द्वारा स्वयं अपना सामान हटाकर अतिक्रमण हटा लिया गया तथा उक्त अवैध थलेदारों को 62 फुटा स्थित वेंडर जोन में स्थान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। तिब्बती मार्किट के थलेदारों को मौके पर ही आवंटन पत्र दिया जायेगा। उधर नगरायुक्त ने आज शाम 62 फुटा स्थित वेंडर जोन का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वहां विशेष साफ सफाई के साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

# मुरादाबाद मे हिन्दू सम्मेलन आयोजित



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** तिरंगे और भगवा ध्वज के नीचे एक झूका हूं देशवासी यह बात महंत जी ने मुरादाबाद के दिल्ली रोड हिंदू सम्मेलन आयोजित समिति के तापमान में बुद्धि विहार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया मुख्य वक्ता अरुण कांत अखिल भारतीय संयोजक धर्म जागरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। स्वामी संदेशवानंद सरस्वती महाराज ने संस्कृति और राष्ट्र के परंपरा संबंधों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति विश्व की सद्भाव और शहर अस्तित्व का संदेश देती है कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता राजीव पंडोला ने की। संचालन सचिव डॉ भूपेंद्र सिंह ने किया

इस हिंदू सम्मेलन में आरएसएस के पदाधिकारी पवन जैन, मनोज, प्रमोद, कर्मेंद्र, आदेश, बॉबी, चमन, चित्रेश, वीर सिंह, प्रेमपाल, कपिल जाटव, अजय प्रसाद, प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक मेजर जगतपाल सिंह एवं विक्रम गवाह विक्रम वार्ड 16 की क्षेत्रीय पार्षद कविता गुप्ता एवं तृप्ति चैनल के ब्यूरो चीफ पंडित शरद शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# युवती से छेड़छाड़ के आरोप मे प्रधान पति को वाहन सहित दबोचा

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**जनपद बिजनौर** मंडावर।अपनी ही ग्राम पंचायत की युवती को गाडी मे लिफ्ट देकर युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपि ग्राम प्रधान पति को पुलिस ने गाडी सहित गिरफ्तार कर चलान कर दिया है। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने शनिवार की देर शाम थाने मे दर्ज कराई रिपोर्ट मे बताया था की बुधवार को उसकी 17 वर्षिय पुत्री बिजनौर तहसील मे किसी काम से जाने के लिए गाँव के बस स्टैंड पर खड़ी थी। तभी गाँव सैफपुर खादर निवासी ग्राम प्रधान पति साजिद अहमद अपनी कार से वहा पंहुचा ओर उसकी पुत्री से कहां जाने की बात कही युवती द्वारा बिजनौर जाने की बात कहने पर आरोपित ग्राम प्रधान पति ने उसे बिजनौर जाने की बात कहते हुए उसे बिजनौर छोड़ने के लिए अपनी गाड़ी में बैठा लिया। युवती के गाडी मे बैठते ही आरोपि उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा युवती द्वारा मना करने पर भी आरोपि नहीं माना ओर उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया जिसके बाद बह उसे बिजनौर एक ऑफिस मे ले गया। ओर उससे कहने लगा की तुझे रोज ऑफिस मे आना है।जिसके हर रोज तुझे पांच हजार रूपए दूंगा।युवती के मना करने व घर बताने की बात पर आरोपि उसे अपनी कार मे बैठाकर तहसील ले गया।जहां से युवती उसे चकमा देकर अपने घर पहुंची थीं। रविवार की दोपहर पुलिस ने आरोपि ग्राम प्रधान पति साजिद अहमद को मंडावर सीएससी के पास से गाडी सहित गिरफ्तार कर लिया।थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की आरोपि ग्राम प्रधान पति साजिद को कोर्ट मे पेश किया गया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि अपराधियों को किसी भी किम्मत पर बक्सा नहीं जाएगा

# प्रभारी महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 01 दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया

**बुलंदशहर** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में सोमवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। प्रभारी बोबेश महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 01 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें।

# सालाना इजलास में मदरसा मदीना तुल उलूम में 7 बच्चों ने हिफ ए कुरान किया मुकम्मल

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** नगीना एक सालाना इजलास मदरसा मदीना तुल उलूम शेख सराय में हुआ जिसकी सदारत मुफ्ती ओवैस अकरम साहब और निजामत मौलाना असजद रहमानी साहब ने की इस सालाना इजलास में मदरसा मदीना तुल उलूम में 7 बच्चों ने हिफ ए कुरान मुकम्मल किया जिनके नाम हाफिज मोहम्मद माआज, हाफिज मोहम्मद अली, हाफिज मोहम्मद माज बिन, मोहम्मद आसिफ, हाफिज मोहम्मद आमिर यूनुस, हाफिज मोहम्मद शोएब, हाफिज मोहम्मद उमर, हाफिज मोहम्मद सफवान तज्वीद वाले, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद असद, मोहम्मद मुसाब, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद जकरिया, मोहम्मद अनस, मोहम्मद फहद, मोहम्मद अदीब, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अलीम ने कुरआन मुकम्मल किया।

इससे पहले मुफ्ती अरशद साहब ने मदीनातुल उलूम के पूरे साल का हिसाब किताब लोगों के सामने पेश किया इस मौके पर मुरादाबाद से आए मेहमाने खुसूसी मुफ्ती तोहीद साहब ने फरमाया की मदरसा मदीना तुल उलूम एक पुराना दीनी इदारा है जो नगीनाऔर पूरी दुनिया में दीनी तालीम की खिदमत अंजाम दे रहा है उन्होंने कहा की जिन बच्चों ने कुरआने हिफ़्ज किया हैं या जिन्होंने कुरान मुकम्मल किया है उन्हें और उनके मां-बाप को अल्लाह की यहां एक बड़ा इनाम जन्नतुल फिरदौस के आला मुकाम की शक्ल में मिलेगा और अपने खानदान के बहुत सारे फर्द को जन्नत में ले जाने का हक दिया जाएगा उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम और एक मुकम्मल मुस्लिम होने की तालीम जरूर लेनी चाहिए और उस पर अमल करने वाले हो इस मौके पर मुफ्ती ओवैस अकरम साहब ने फरमाया कि हमें अपने और अपने बच्चों की दीनी तालीम की फिक्र करनी चाहिए और उन्हें एक अच्छा मुसलमान होने के साथ- एक अच्छी जिंदगी गुजारने वाला भी होना चाहिए इस मौके पर मुफ्ती फहीम साहब मुफ्ती फैसल साहब जिला बिजनौर अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, समाज सेवी तंजील आलम, अफजाल कुरेशी, मौलाना तारिक साहब, मुफ्ती फुजैल साहब, मुफ्ती शाहिद साहब, जहिर पहलवान, मुफ्ती फैसल साहब, कारी जुनैद साहब, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद फहीम, इसरार अहमद, मोबीन अहमद, मोहम्मद मोइन, मोहम्मद मोहसिन, मौलाना आबिद, मुफ्ती अरशद, मुफ्ती इलियास साहब, मुफ्ती अबरार साहब, मुफ्ती नईम साहब, पूर्व मेंबर महफूज कारी, अकिल कारी, रिजवान साहब, मौलाना अरशद साहब, कारी इरशाद, मुफ्ती फैसल साहब, डॉ मोअज्जम रियाजी मौजूद रहे।

# 23 जनवरी मॉक ड्रिल को लेकर सभी अधिकारी समन्वय से कार्य योजना करें तैयार

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़** जनपद में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सम्बंधित विभागों के समन्वय से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।कलेक्ट्रेट सभागार हापुड में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम व अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, निर्धारित समय पर कलक्ट्रेट परिसर में मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किये जाने, सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किये जाने तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा इसके अलावा हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा, मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्काउट गाइड वालंटियर्स, टियर्स, नागरिक सुरक्षा सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके अलावा मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्काउट गाइड, राजस्व विभाग, आपदा मित्र के कार्यों को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ गजेंद्र बघेल आदि मौजूद रहे।

# रोड सेफ्टी माह के तहत छजारसी टोल प्लाजा पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं हेलमेट वितरण शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़** ।रोड सेफ्टी माह जनवरी 2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्टाफ एवं सड़क उपयोगकताओं की भलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छजारसी टोल प्लाजा (ऊल्हटएढछ) पर एक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आँखों की जाँच, शुगर, बलगम (टीबी स्क्रीनिंग) एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई।इस शिविर में हापुड़ जिला क्षय रोगअधिकारी/अउटड डॉ. राजेश सिंह, जिला पी.पी.एम. कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी, नेत्र परीक्षण अधिकारी कुलवंत सिंह सहित उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा मरीजों की जाँच की गई।कार्यक्रम का आयोजन अनिल कुमार शर्मा (प्रोजेक्ट हेड), राममेहर (प्लाजा मैनेजर), रुपेश कुमार सिंह (प्लाजा मैनेजर) एवं अनिल दुबे (सेफ्टी मैनेजर), क्यूब हाईवे द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सिया राम वर्मा (फळड), रमेश चोवे (अफळड) आशुतोष उपाध्याय (ढळड), राजेश्वर कुशवाहा (ढळड), राजवर्धन चौहान (कए, ठल्अक) तथा अमित शर्मा (ॠट, अढएउछ) उपस्थित रहे।शिविर के दौरान कुल 165 लोगों की आँख, शुगर, बलगम एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई, जिसमें से 75 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, बिना हेलमेट बाइक चलाते पाए गए 45 लोगों को हेलमेट प्रदान कर, उन्हें सुरक्षित यात्रा हेतु हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित किया गया।

# गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा का नौजवान आशुतोष शर्मा के साथ मजबूती से खड़ा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा के साथ आज क्षेत्र का नौजवान वर्ग मजबूती के साथ खड़ा नजर आ रहा है। शिक्षा, रोजगार, खेलकूद और सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे कार्यों के कारण आशुतोष शर्मा नौजवानों के बीच सबसे लोकप्रिय समाजवादी नेता बनकर उभरे हैं।आशुतोष शर्मा द्वारा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने हजारों नौजवानों के बीच पहुंचकर उनके हितों से जुड़े मुद्दों पर काम किया है, जिसका परिणाम है कि आज विधानसभा का प्रत्येक नौजवान गढ़ गंगा विश्वविद्यालय की मांग को लेकर भी उनके साथ मजबूती से खड़ा है।इस अवसर पर समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर में हम पैदा हुए हैं।

यहां के छात्र-छात्राओं, नौजवानों, माता-बहनों और किसानों के विकास के लिए किसी भी स्तर पर कार्य करना पड़े, मैं दिन-रात तैयार हूं। जब तक गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा को एक बेहतर, विकसित और आदर्श विधानसभा नहीं बना देता, तब तक मेरा संघर्ष और कार्य निरंतर जारी रहेगा।उन्होंने आगे बताया कि गढ़मुक्तेश्वर में बहुत जल्द जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 1000 से अधिक नौजवान प्रतिभाग करेंगे।इस प्रतियोगिता में विजयी 10 प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# गन्ना प्रजाति पहचान, रोग प्रबंधन एवं आधुनिक खेती' विषय पर वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निदेशों (पत्र संख्या 947 सी/विकास) के अनुपालन में जनपद बिजनौर की बिंदल शुगर मिल, चांगिपुर (नूरपुर) में 'गन्ना प्रजाति पहचान, रोग प्रबंधन एवं आधुनिक खेती' विषय पर एक वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य प्रबंधक (गन्ना), ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (चांदपुर), सहायक प्रबंधक (गन्ना) सहित लगभग 65 विभागीय एवं मिल कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वैज्ञानिक सत्रः प्रजाति पहचान और आधुनिक तकनीककृषि विज्ञान केंद्र, नगीना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. के. सिंह एवं डॉ जे. पी. सिंह. बरिष्ठ वैज्ञानिक गन्ना शोध परिषद मुजफ्फरनगर ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कॉन्फ्रेंस हॉल में एलईडी स्क्रीन और 'लाइव डेमो' के माध्यम से गन्ने की पत्तियों, मध्य शिरा (ट्र्ष्ठि), बड्स (इ४रि), पोरियों के रंग और जूस की गुणवत्ता (ब्रिक्स) के आधार पर प्रजातियों की सूक्ष्म पहचान करने के गुर सिखाए। डॉ. सिंह ने टिकाऊ खेती के लिए निम्नलिखित 4 प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया ड्रिप सिंचाई का महत्त्व 'टपक सिंचाई पद्धति' (ऊ१स्र क११ँ३ङ्गल्ल) से 40-50% पानी की बचत होती है और फर्टिगेशन (ऋी१३ँ३ङ्गल्ल) के माध्यम से उर्वरक सीधे पौधों की जड़ों तक पहुँचते हैं, जिससे पैदावार और चीनी परता में वृद्धि होती है। टॉप बोरर का जैविक नियंत्रणः चोटी बेधक कीट (ळङ्गस्र इङ्ग१ी१) के नियंत्रण के लिए रसायनों के स्थान पर ट्राइकोग्रामा (ळ१ूँङ्ग१े) कार्ड का प्रयोग करें। यह मित्र कीट हानिकारक कीटों के अंडों को नष्ट कर फसल की सुरक्षा करता है। यांत्रिक नियंत्रण रसायनों पर निर्भरता कम करने के लिए प्रकाश प्रपंच (छ्रँ३ ळ१स्र२) और फेरोमोन ट्रैप का प्रयोग करें। रोगग्रस्त पौधों को जड़ सहित उखाड़कर नष्ट करने की सलाह दी गई। प्राकृतिक खेती मिट्टी के स्वास्थ्य सुधार के लिए प्राकृतिक खेती को समय की मांग बताया गया। जीवामृत और घनजीवामृत के प्रयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और लागत कम करने के उपाय सुझाए गए। बसंतकालीन बुवाई हेतु जिला गन्ना अधिकारी ने दिए विशेष निर्देशप्रशिक्षण के अंत में जिला गन्ना अधिकारी, बिजनौर ने आगामी बसंतकालीन बुवाई और विभागीय कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना जारी की खड़े गन्ने का सत्यापन अभियान (20 जनवरी - 05 फरवरी 2026): क्षेत्र में खड़े गन्ने, डेमो प्लॉट्स और नर्सरी का गहन सर्वे और भौतिक सत्यापन कर डाटा तत्काल 'सीड ट्रैकिंग ऐप' (रीीळि१ूह्वल्लॅ अस्त्रस्त्र) पर फीड किया जाए।

# भाकियू महाशक्ति के एनसीआर अध्यक्ष ने दी एसडीएम को दी चेतावनी नहीं हुई कार्यवाही तो होगा अब जल्द आंदोलन।



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/सोमवार** को भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के एनसीआर अध्यक्ष चौधरी नरेश प्रधान पहुंचे साथियों के साथ तहसील में जहां पर एसडीएम नहीं मिलने पर एनसीआर अध्यक्ष फोन पर एसडीएम से की वार्ता एसडीएम ने कहा जल्द होगी सख्त कार्रवाई एनसीआर अध्यक्ष ने बताया है कि शिकारपुर नगर में चलाए जा रहे अवैध ओयो होटल की आड़ में बिना मानकों के अवैध धंधे जिनके खिलाफ एक सप्ताह पहले एसडीएम को ज्ञापन दिया गया था लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई ।

# अवैध खनन में लगे वाहनों के नंबर में 'खेल', प्रवर्तन टीम को कुचलने की कोशिश के मामले में हुआ खुलासा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** जिले में अवैध खनन में लगे ट्रकों-डंपरों पर ऑटो, ई-रिक्शा और बाइकों के नंबर का इस्तेमाल किया जा रहा है। माफिया हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) से भी छेड़छाड़ कर रहे हैं। टोल प्लाजा का स्टाफ परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों को सूची मुहैया नहीं करा रहा। इससे परिवहन व खनन विभाग को राजस्व की क्षति हो रही है। बुधवार को बहेड़ी में प्रवर्तन टीम को कुचलने की कोशिश के बाद शुरू हुई जांच में परतें खुल रहीं हैं। जिले में नैनीताल हाईवे पर दो, दिल्ली, लखनऊ और पीलीभीत हाईवे पर एक-एक टोल प्लाजा हैं। दोहना और खिरिया टोल प्लाजा को छोड़ दें तो अन्य ने सात माह से ओवरलोड वाहनों की सूची परिवहन विभाग को उपलब्ध नहीं कराई है। उत्तराखंड से आने वाले बालू, बजरी भरे ओवरलोड वाहनों को टोल प्लाजा से यूं ही पास कर दिया जाता है। बुधवार की घटना के बाद 37 ओवरलोड ट्रकों, लोकेटरों की तीन कारों को कब्जे में लेने के साथ 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। 40-45 वाहन भाग गए थे। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर भागने वाले कई वाहनों पर बाइक और ई-रिक्शा के नंबर प्लेट लगे होने की बात सामने आई है। कई ओवरलोड वाहनों के एचएसआरपी से छेड़छाड़ कर ऑटो और बाइक की नंबर प्लेट लगा दी गई हैं। यात्री कर अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति ने बताया कि टोल प्लाजा ओवरलोड वाहनों की सूची नहीं दे रहे है। अब 24 घंटे के भीतर गुजरने वाले वाहनों की संख्या सहित अन्य डाटा व सीसी कैमरों की फुटेज उपलब्ध कराने के लिए उनको नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ओवरलोड वाहनों को जिले की सीमा से पास कराने वाले लोकेटरों के गिरोह में कई ट्रांसपोर्टरों और परिवहन विभाग के कर्मचारियों के भी शामिल होने की बात सामने आई है। विभागीय स्तर पर इसकी जांच शुरू कर दी गई है। गिरोह का खुलासा जून 2023 में तत्कालीन एआरटीओ प्रवर्तन संदीप जायसवाल पर चेकिंग के दौरान कातिलाना हमले के बाद हुआ था, लेकिन जिम्मेदारों ने गिरोह पर कड़ी कार्रवाई नहीं की। नतीजा, गिरोह फिर सक्रिय हो गया। लोकेटर गिरोह के गुर्गे परिवहन और खनन विभाग के अधिकारियों व प्रवर्तन टीमों की रेकी कर पल-पल की सूचना जुटाते हैं। बुधवार को गिरोह और उसमें शामिल ट्रांसपोर्टरों के पास प्रवर्तन टीमों की लोकेशन नहीं थी। ऐसे में उत्तराखंड की सीमा से बहेड़ी होते हुए 100 से ज्यादा ओवरलोड ट्रकों और डंपरों को बरेली की सीमा में प्रवेश करा दिया गया। पकड़े गए वाहनों में लोकेटरों की तीन कारें भी शामिल हैं। इनमें से दो कारें एक ट्रांसपोर्टर की बताई जा रही हैं। उप परिवहन आयुक्त केपी गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग और प्रवर्तन टीम पर हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। परिवहन, खनन विभाग और पुलिस की टीमें अपने-अपने स्तर पर सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल कर रही हैं। उत्तराखंड से यूपी में उपखनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए डीएम ने दो बार ऊधमसिंह नगर के अधिकारियों को पत्र लिखे पर नतीजा कुछ नहीं निकला। इसके बाद स्थानीय स्तर पर सख्ती बढ़ाई है।

बुधवार को हुई कार्रवाई के बाद उपखनिजों से ओवरलोड ट्रकों-डंपरों की आवाजाही में कमी आई है। बीते साल अप्रैल से दिसंबर तक 399 ट्रकों-डंपरों के विरुद्ध कार्रवाई कर 2.68 करोड़ रुपये जुमार्ना वसूला गया है। डीएम अविनाश सिंह ने ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी को पहला पत्र 21 जुलाई 2025 को और दूसरा पत्र अक्तूबर में लिखा था। इसमें उपखनिजों के अवैध परिवहन और कार्रवाई की जानकारी दी थी। विशेष सचिव के पत्र का हवाला देते हुए उपखनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की बात लिखी थी। इसके बावजूद इस अवैध धंधे को रोकने के लिए कोई पहल नहीं की गई।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नेटजोन मिजार्मुराद चैंपियन: 15 हजार नकद और ट्रॉफी जीती, गाजीपुर की टीम रही उपविजेता

**संदीप तिवारी**




**मिजार्मुराद** कछवारोड़। सेवापुरी ब्लॉक के खालिसपुर गांव में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब नेटजोन मिजार्मुराद ने अपने नाम कर लिया। रविवार देर रात संपन्न हुए फाइनल मुकाबले में मिजार्मुराद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं गाजीपुर की टीम उपविजेता रही, जिसे ट्रॉफी और 8 हजार रुपए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।खालिसपुर गांव स्थित पंचायत भवन के पास मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुकाबले दोपहर में शुरू हुए और देर रात तक चला। दोनों टीमों ने चार-चार राउंड खेलकर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्नातक एमएलसी प्रत्याशी (वाराणसी खण्ड) पंकज सिंह 'डब्लू' और विशिष्ट अतिथि पीपीसी के प्रदेश महासचिव पवन त्रिपाठी रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित होनी चाहिए, क्योंकि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलता है ।समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति की ओर से अतुल सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में अवधेश सिंह, मानवेंद्र सिंह 'अब्बू', संतोष सिंह, निशांत सिंह, रीशु सिंह, प्रांजल सिंह, हिमांशु चौबे, आकाश शर्मा, कमल कुमार सिंह, राजू, अंबुज सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे।

# बरेली की सेवइयों की मिठास शासन तक पहुंचीबरेली की सेवइयों की मिठास शासन तक पहुंची

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** शहर की सेवइयों की मिठास और महक शासन तक पहुंची तो इसे एक जिला एक व्यंजन (ओडीओसी) की सूची में शामिल कर लिया गया। जिले में सालाना करीब पांच करोड़ रुपये का सेवइयों का कारोबार हो रहा है। अब इसमें और बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है। सेवईं कारोबारियों के मुताबिक, शहर के परसाखेड़ा, नकटिया, हार्टमन में सेवईं के कारखाने लगे हैं। पुराना शहर समेत देहात क्षेत्रों में कुटीर उद्योग की तर्ज पर सीजन के अनुसार सेवईं बनाई जाती है। खासकर रक्षाबंधन, दीपावली, होली, रमजान के मौके पर सेवईं की मांग और खपत बढ़ जाती है। तब कारोबार 50 लाख रुपये प्रतिमाह से ज्यादा हो जाता है। सामान्य दिनों में प्रतिमाह करीब 20 लाख रुपये का कारोबार होता है। घरों में किमामी, सूखी मीठी, लच्छा, नवाबी, दूध वाली, फेनी सेवईं तैयार करते हैं। हार्टमन निवासी सेवईं कारखाना संचालक इरफान अली ने बताया कि त्योहारों से माहभर पहले कारखाना चलाते हैं। कारोबारी मुशाहिद हुसैन भी सीजन पर ही काम करते हैं। शेष दिन अन्य पकवान बनाकर बेचते हैं। उपायुक्त उद्योग विकास यादव के मुताबिक, ओडीओसी योजना में सेवईं समेत छोले-भठूरे, चाट, बर्फी भी शामिल किया जाना शासन की ओर से प्रस्तावित है। बर्फी की पहचान पूर्व में आई एक फिल्म से जुड़ी है। मामी : घी में भुनी बारीक सेवईं में चाशनी, मेवे, इलायची, गुलाब जल डालकर तैयार करते हैं। शीर खुरमा : दूध पकाकर गाढ़ा करते हैं। तब भुनी सेवईं, खजूर, मेवे डालकर बनाते हैं। लच्छा : पतले लच्छों को चाशनी के साथ बनाते हैं। नवाबी : तली हुई सेवईं को खोआ, रबड़ी, मेवे के साथ पकाया जाता है। सूखी मीठी : दूध और घी में भुनी सेवईं डालकर बनाते हैं। दूध वाली : दूध, चीनी से बनी सेवईं सामान्य पर लोकप्रिय पकवान है। फेनी : मैदे, घी से बनने वाली महीन सेवईं है। इसे दूध के साथ खाते हैं। कारोबारियों के मुताबिक, बरेली की सेवईं की मांग आसपास के जिलों में भी है। ऑनलाइन कारोबार शुरू होने से पड़ोसी जिलों से भी ऑर्डर आते हैं। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां जो नूडल्स बनाती हैं, वह सीजन में सेवईं भी बनाकर कई नामों से बाजार में बिक्री करती हैं। इनकी मांग भी अच्छी होती है। हालांकि, फुटकर बाजार में परंपरागत कारोबारियों के उत्पाद की मांग होती है।

# हैदर अली कर रहे है अली बाबा 40 भूत फिल्म मे फोर्निसिक का रोल

**वेलकम इंडिया**




**झांसी !** हैदर अली एक्टर ने बताया की वो अली बाबा 40 भूत मे फॉरनसिक का रोल निभा रहे है ।इस फिल्म के रोल मे विशाल जी है। हैदर अली ने बताया की अब तक वो 20 फिल्मो मे काम कर चुके है ओर पिछला साल उनके लिए काफी अच्छा रहा उन्होंने पिछले साल 5 फिल्मो मे काम किया जिसमे मुंबई के फेमस डायरेक्टर प्रकाश झा की जनादेश फिल्म भी है। हाल मे ही उनकी ड्ङ्कठ फिल्म प्रसार भारती वेब्स ओटिटी पर आ गई है जिसके डायरेक्टर जगमिंदर सिंह हुंडल है ।इसमें उन्होंने अंग्रेज पुलिस का रोल किया है ।हैदर अली ने बताया की अली बाबा 40 भूत फिल्म मे फॉरनसिक का रोल करके काफी अच्छा लगा ।इस फिल्म मे उनके साथी कलाकारों मे नवीन शुक्ला डॉक्टर के रोल मे ओर राजू गौतम होटल के मैनेजर के रोल मे दिखेंगे। अखलाक मकरानी,संजीव दुबे,मनीष रायकवार भूत के रोल मे ओर अनिल साहू विलेन के रोल मे दिखाई देंगे ।बुंदेलखंड के कलाकारों मे धर्मप्रकाश, रामसिंह,गजाला, हिना खान,प्रीतम सिंह,हरी शंकर यादव,जीतेन्द्र,रफी आदि कलाकार काम कर रहे है ।हैदर अली ने बताया की यू टुब पर हैदर अली झाँसी के नाम से उनका चैनल है जिसमे उनके शूटिंग के वीडियो,इंटरव्यू,डायलोग देख सकते है ओर फिल्म के लिए ऑडिशन कैसे दिया जाता है देख सकते है। हैदर अली ने बताया की आज जो इस मुकाम पर है ऊपर वाले पर भरोसा करने ओर माँ बाप की इज्जत करने से है

# पूर्व भाजपा विधायक के भाई राजकुमार गौतम कांग्रेस में शामिल, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने दिलाई सदस्यता

**हापुड़** ।पूर्व भाजपा विधायक बिजेंद्र कुमार नक्शे वालों के छोटे भाई राजकुमार गौतम ने सोमवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। वह कांग्रेस जिला मुख्यालय पहुंचे, जहाँ कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में उन्होंने पार्टी ज्वाइन की ।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने राजकुमार गौतम को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव पद पर नियुक्ति करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा ।कार्यक्रम के दौरान सिंभावली ब्लॉक के ग्राम सिंघनपुर निवासी शफीक अहमद ने भी अपने साथियों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। शफीक अहमद को जिला कांग्रेस कमेटी में जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# रियल स्टेट कारोबारी की अवैध कॉलोनी ध्वस्त, कॉलोनाइजरों में हड़कंप

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** बीडीए ने सोमवार को हरुनगला इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रियल स्टेट कारोबारी की अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया। बीडीए की इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन ने बताया कि थाना बारादरी के हरुनगला में लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क, साइट ऑफिस, नाली और बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने दीपक कुमार, संयुक्त सचिव, और अजीत कुमार सिंह, विशेष कार्याधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई की। टीम में सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह और अवर अभियंता सीताराम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बीडीए ने सभी नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के अंतर्गत किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉटिंग करने से पहले मानचित्र की स्वीकृति लेना अनिवार्य है। बिना स्वीकृत मानचित्र के किया गया निर्माण अवैध माना जाएगा और इसे ध्वस्त किया जा सकता है। प्राधिकरण ने कहा कि भवन या भूखंड खरीदने से पहले हमेशा मानचित्र स्वीकृति की पुष्टि अवश्य करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# बाल संरक्षण हेतु चलाए गए अभियान में 05 बाल श्रमिक रेस्क्यू

**हापुड़** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना एएचटीयू एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा बाल संरक्षण एवं बालश्रम रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानों, होटलों, कारखानों एवं वर्कशॉप आदि की सघन चेकिंग की गई ।चेकिंग के दौरान थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में कार्यरत 05 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया ।रेस्क्यू किए गए बालकों को सुरक्षित स्थान पर रखकर उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है तथा संबंधित प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि बालश्रम जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें तथा कहीं भी बालश्रम होते दिखे तो तत्काल पुलिस या संबंधित विभाग को सूचना दें।

# गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा का नौजवान आज आशुतोष शर्मा के साथ मजबूती के साथ खड़ा हुआ ह

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा नौजवानों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं बात चाहे शिक्षा की हो रोजगार की हो या फिर खेल कूद की नौजवानों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय समाजवादी नेता गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में आशुतोष शर्मा है आज नौजवान उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के विकास के लिए संकल्पित है और सभी नौजवान चाहते हैं जैसा कार्य शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आशुतोष शर्मा कर रहे हैं देश के प्रत्येक नेता को इसी प्रकार कार्य करना चाहिए गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में हजारों नौजवानों के बीच पहुंचकर आशुतोष शर्मा ने कार्य किए हैं और आज गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा का प्रत्येक नौजवान गढ़ गंगा विश्वविद्यालय के लिए मजबूती के साथ आशुतोष शर्मा के साथ खड़ा हुआ है

समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर में हम पैदा हुए हैं यहां के विकास के लिए यहां के छात्र-छात्राओं के लिए यहां के नौजवानों के लिए यहां की माता बहनों के लिए यहां के किसानों के लिए किसी भी स्तर पर मुझे कार्य करना होगा मैं दिन-रात तैयार हूं लेकिन गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा को बेहतर विधानसभा विकसित विधानसभा और आदर्श विधानसभा बनने तक निरंतर कार्य जारी रखेगा

आशुतोष शर्मा ने गढ़मुक्तेश्वर में बहुत जल्द नौजवानों के लिए दौड़ प्रतियोगिता कराने का भी आश्वासन दिया है जिसमें 1000 से अधिक नौजवान हिस्सा लेंगे और यह दौड़ प्रतियोगिता जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता होगी जिसमें जीतने वाले 10 विजेताओं को आकर्षक इनाम देकर आशुतोष शर्मा सम्मानित करेंगे

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में पैदल गश्त व सघन चेकिंग अभियान

**हापुड़** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सतुति सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली देवेंद्र बिष्ट द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त की गई ।पैदल गश्त के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों, मुख्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई ।पुलिसअधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# बरेली एसपी में बड़ा भूचाल...जिलाध्यक्ष सहित पूरी जिला कार्यकारिणी भंग, हाईकमान का कड़ा फैसला




**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी (एसपी) में बड़ा फेरबदल करते हुए पार्टी हाईकमान ने जनपद बरेली की पूरी जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। इस फैसले से जिले की सियासत में हलचल तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी (एसपी) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में साफ तौर पर कहा गया है कि जिला अध्यक्ष सहित पूरी जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है। यह आदेश 19 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसकी प्रतिलिपि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निजी सचिव को भी भेजी गई है। इससे साफ है कि यह निर्णय संगठन के शीर्ष स्तर पर लिया गया है। समाजवादी पार्टी (एसपी) में हालांकि कार्यकारिणी भंग करने के पीछे की आधिकारिक वजह स्पष्ट नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे संगठनात्मक निष्क्रियता, गुटबाजी, आगामी चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही बरेली में नया जिलाध्यक्ष और नई कार्यकारिणी गठित की जा सकती है। (एसपी) पार्टी नेतृत्व जिले में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की तैयारी में है। इस फैसले के बाद कार्यकताओं में बेचैनी, विरोधी दलों में चचाएं, और पार्टी के भीतर आत्ममंथन तेज हो गया है।

# केशव प्रसाद राल्ही पी .जी . कॉलेज में उमड़ा उत्साह: कला और ज्ञान के जरिए दिया 'सड़क सुरक्षा' का संदेश

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** केशव प्रसाद राल्ही पी.जी. कॉलेज में आज 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान' के तहत एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ₹सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा₹ के मूल मंत्र के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। ?रंगों और रेखाओं से उकेरी सुरक्षा की परिभाषा ?कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे 'बहुउद्देशीय हॉल' में पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता से हुआ। ₹सुरक्षा कवचः जीवन आपका, फैसला आपका₹ विषय पर छात्रों ने अपनी तूलिका से सड़क दुर्घटनाओं के प्रति सचेत किया। किसी ने हेलमेट को 'सुरक्षा की चाबी' बताया तो किसी ने मोबाइल फोन के इस्तेमाल से होने वाले खतरों को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया। ?बौद्धिक कौशल और नवाचार पर चर्चा ?दोपहर के सत्र में आयोजित 'मेगा क्विज' आकर्षण का केंद्र रही। इसमें यातायात संकेतों और सड़क सुरक्षा कानूनों से जुड़े कठिन सवालों का छात्रों ने बड़ी तेजी से उत्तर दिया। इसके पश्चात मुख्य सभागार में आयोजित संगोष्ठी (सेमीनार) में ₹सड़क सुरक्षा में नवाचार एवं प्राथमिक चिकित्सा₹ पर गंभीर चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि दुर्घटना के बाद का 'गोल्डन ऑवर' (पहला घंटा) कितना महत्वपूर्ण होता है और कैसे प्राथमिक चिकित्सा से जान बचाई जा सकती है ।प्रभारी ?प्राचार्य जी का संदेशः ?₹युवा शक्ति ही समाज में बदलाव की सबसे बड़ी वाहक है। यदि हमारे छात्र सड़क सुरक्षा के नियमों को आत्मसात कर लें, तो हम हजारों अनमोल जिंदगियों को बचा सकते हैं। यह आयोजन केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सुरक्षित भविष्य की शुरूआत है।₹ ?मुख्य झलकियांः ?प्रतिभागिताः कॉलेज के सभी संकायों के छात्रों की सक्रिय भागीदारी। ?विशेष प्रदर्शनः प्राथमिक चिकित्सा (ऋ१२३ अ्र) के तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन। ?संकल्पः कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की सामूहिक शपथ ली। प्रभारी ?प्राचार्य ?डॉ. कुलदीप पाण्डेय ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ?ई. प्रदीप कुमार चतुर्वेदी (प्रशासनिक अधिकारी), डॉ. नीतू शुक्ला (विभागाध्यक्ष), रूपेश कुमार,राम आसरे, राजेश श्रीवास्तव, प्रिया मिश्रा, प्रियंगी शुक्ला, सौम्या शुक्ला, राजकुमार, राहुल यादव, मनसाराम, शिवकुमार मिश्र, सुमन यादव, अनुराधा यादव, सूरज कुमार, प्रवीण सिंह एवं ज्योति पांडे उपस्थित रहे। ?कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार चौबे तथा धन्यवाद ज्ञापन संकायाध्यक्ष डॉ. मेघा बरनवाल द्वारा किया गया।

# डून्डूखेड़ा की ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**संवादाता मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा की ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उन्हें नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ग्राम प्रधान के साथ उनके पति राजपाल सिंह को भी आमंत्रण मिलने से पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है।डून्डूखेड़ा निवासी राजपाल सिंह की पत्नी कृष्णा चौहान लगातार तीन बार ग्राम प्रधान चुनी जा चुकी हैं। ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान और उनके पति राजपाल सिंह की जोड़ी ने गांव में विकास की ऐसी मिसाल कायम की है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। उनके नेतृत्व में गांव में अभूतपूर्व विकास कार्य कराए गए हैं।गांव डून्डूखेड़ा में अब एक भी कच्ची सड़क नहीं है। यहां बिजली घर, बैंक, स्वास्थ्य केंद्र, मिनी सब्जी मंडी, छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा की सुविधा, बस स्टैंड पर आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय, पशु चिकित्सालय, गांव के प्रत्येक चौराहे पर वाटर कूलर व शुद्ध पेयजल व्यवस्था, पूरे गांव में सीसीटीवी कैमरे तथा अमृत सरोवर तालाब जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन विकास कार्यों ने डून्डूखेड़ा को एक आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित किया है।गांव के सर्वांगीण विकास और उत्कृष्ट कार्यों के लिए ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान को अब तक तीन बार मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार तथा दो बार राष्ट्रीय पंडित दीनदयाल पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। अब राष्ट्रीय परेड में विशेष आमंत्रण मिलना इस बात का प्रमाण है कि डून्डूखेड़ा के विकास कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है।इस उपलब्धि से गांव के लोगों में भारी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सम्मान केवल ग्राम प्रधान परिवार का नहीं, बल्कि पूरे डून्डूखेड़ा गांव का सम्मान है। गांव वासियों ने ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान और उनके पति राजपाल सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# मदनी बिरयानी हाउस का शुभारंभ, अमन-चैन की दुआ कराई गई



**संवादाता मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर सोमवार को नए प्रतिष्ठान मदनी बिरयानी हाउस का शुभारंभ किया गया। कांधला देहात से प्रधान प्रत्याशी हाजी जावेद हसन एवं इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना मेहराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौलाना मेहराज ने देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ कराई।उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाजी जावेद हसन ने कहा कि मदनी बिरयानी हाउस क्षेत्र के लोगों को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण और किफायती भोजन उपलब्ध कराएगा, जिससे स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे नए व्यवसाय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करते हैं।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने प्रतिष्ठान का अवलोकन किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हाजी इस्लाम, रईस अहमद, कारी सुफियान, साकैब हुसैन, जावेद मंसूरी सहित आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक



**संवादाता मोहसिन रहमानी**

**कांधला** स्कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य आम जनता को यातायात के नियमों से अवगत कराना एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने की महत्व के प्रति जागरूक करना था, साथ ही सड़क सुरक्षा में युवाओं की भागीदारी विषय पर छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिंसी सैनी पुत्री प्रमोद कुमार बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर मुस्कान पुत्री रविंद्र सिंह बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर आयशा पुत्री रईस बीए तृतीय वर्ष रही।प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार, डॉ श्याम बाबू एवं डॉ अंकिता त्यागी शामिल रहे। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू एवं सहसंयोजक डॉ अंकिता त्यागी द्वारा किया गया।

# लाठी महाराज और राजू थापा को देख दर्शक हुए गदगद

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर**,गोविन्द मेहता, प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले में कुश्ती दंगल की धूम है।दंगल के दूसरे दिवस में उत्तरायणी मेले के दंगल में मेलार्थियों ने जमकर पहलवानों की पहलवानी का लुत्फ उठाया।दंगल में दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि एसपी चन्द्रशेखर घोड़के और सीडीओ आर सी तिवारी ने दंगल का लुत्फ उठाया।दंगल में दर्शकों की भीड़ नियंत्रित करने हेतु पुलिस को भी काफी मसक्कत उठानी पड़ी। कुश्ती दंगल में उत्तराखंड, यूपी, दिल्ली,हरियाणा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर,पंजाब और नेपाल के पहलवानों ने दर्शकों को खूब करतब दिखाए। दंगल में पुरुष पहलवानों के साथ महिला पहलवानों ने भी दर्शकों को अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाकर खूब गुदगुदाया।दंगल देखने वाले दर्शकों ने भी पहलवानों पर खूब इनाम की बौछार की । बॉक्स;;;;;महिला कुश्ती में काशीपुर की खुशी बनी विजेता -उत्तराखण्ड की महिला पहलवान ने राजस्थान की महिला पहलवान को फाइनल मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की।काशीपुर की बेटी ने अलग अलग चरणों मे हुई प्रतियोगिता में अन्य तीन महिला पहलवानों को दंगल में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए विरोधी पहलवानों को पश्त करते हुए फाइनल मुकाबला भी अपने नाम किया। महिला दंगल में बेटियों के कुश्ती लड़ने के करतब देख नई पीढ़ी की बेटियों में उत्साह जगता नजर आया।कई महिलाएं और पुरुष बागेश्वर में कुश्ती दंगल में अपने बेटियों को कुश्ती दंगल में भेजकर जिले में ताइक्वांडो और अन्य खेलों की तरह अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में खेलने हेतु तैयारी कराने हेतु जिला प्रशासन और खेल विभाग से विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिता जिले में युवा पीढ़ी और बच्चों को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु प्रयास किए जाने की चचाएं सुनाई दी।वही फाइनल मुकाबले में सीडीओ आर सी तिवारी ने प्रतिभागी पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता और उपविजेता को नकद इनाम की धनराशि दी।साथ ही जिला प्रशासन द्वारा खेल विभाग के साथ जल्द कुश्ती खेल में अपना कैरियर बनाने वाले छात्र छात्राओं और युवाओं को जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से भरपूर सहयोग देने की बात कहते हुए कहा कि बागेश्वर में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है।बस खिलाड़ियों में खेलमें अपना कैरियर बनाने की लालसा हो।



# चार युवकों ने एक युवक को पीटा, थाने पर शिकायत



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक युवक को कस्बे कई युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शानू पुत्र मीर जंग ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि कस्बे के मोहल्ला मिद्दगान निवासी रिहान व दानिश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि चारों युवकों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। मामले की कर कार्रवाई की जाएगी।

# मयूर तिराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

**संवादाता मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर के मयूर तिराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पानीपत निवासी विपिन रविवार को बाइक पर सवार होकर कस्बे में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। वहीं, कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी उस्मान भी बाइक से आ रहा था। दोनों बाइक सवार जैसे ही नगर के मयूर तिराहे पर पहुंचे, तभी उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों भाइयों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद विपिन की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि दूसरे घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

# दूध कारोबारी पर धारदार हथियार से हमला, दो आरोपी फरार

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा निवासी एक युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने उपचार के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है।गांव डूंडूखेड़ा निवासी शिवा पुत्र पंकज गांव गंगेरू में दूध व घी की दुकान करता है। सोमवार को पीडित दुकानदार दुकान बंद कर अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह गांव गढी रामकौर के निकट नहर पटरी पर पहुंचा, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।घायल ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर एक आरोपी नाम जब वह एक अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# जिलाधिकारी ने 10 वर्षों से लंबित मामला सुलझाया

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,पंडित बीडी पांडे परिसर में पिछले लगभग एक दशक से लंबित विज्ञान संकाय भवन के हस्तांतरण का मामला जिला प्रशासन की सक्रिय पहल के बाद आखिरकार सुलझ गया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा छात्र हितों में निर्णय लेते हुए जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप कार्यदायी संस्था सीएनडीएस ने भवन को आधिकारिक रूप से परिसर प्रशासन को सौंप दिया। उल्लेखनीय है कि विज्ञान संकाय भवन का निर्माण वर्ष 2013 में लगभग 183.35 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जा चुका था, किंतु तकनीकी औपचारिकताओं के कारण इसका हस्तांतरण लंबे समय तक लंबित रहा। भवन तैयार होने के बावजूद उपयोग में न आ पाने से छात्र लगातार इसे शैक्षणिक उपयोग में लाने की मांग कर रहे थे।छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी की विशेष पहल पर संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्था के साथ जिला प्रशासन द्वारा निरंतर समन्वय स्थापित किया गया। इस प्रक्रिया में कैंपस निदेशक द्वारा सहयोग करते हुए आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण कराने में सकारात्मक भूमिका निभाई गई, जिससे वर्षों से चली आ रही अड़चनें दूर हो सकीं। भवन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब विद्यार्थियों को अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे परिसर में स्थान की कमी दूर होगी और पठन-पाठन के लिए बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परिसर से जुड़ी अन्य किसी भी समस्या या शिकायत की भी गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।वहीं छात्र संघ अध्यक्ष और अन्य छात्रों ने जिला प्रशासन द्वारा दिए गए विशेष सहयोग के लिए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे का विशेष आभार व्यक्त किया।



# मंदिर परिसर में सांप निकलने से मचा हड़कंप, पुजारी ने सूझबूझ से किया रेस्क्यू



**मोहसिन रहमानी**

कस्बे के एक मंदिर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक मंदिर परिसर में एक सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई और कुछ देर के लिए मंदिर परिसर में भीड़ उमड़ पड़ी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांप मंदिर प्रांगण में इधर-उधर घूमने के बाद वहां पड़े एक प्लास्टिक के डब्बे में जा घुसा। स्थिति को भांपते हुए मंदिर के पुजारी संत कुमार ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए सांप को सुरक्षित तरीके से डब्बे में बंद कर लिया।इसके बाद पुजारी संत कुमार द्वारा सांप को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया गया। पुजारी की इस समझदारी से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली और पुजारी के इस मानवीय कार्य की सराहना की।

# उड़ता पंजाब ,उत्तरायणी कौतिक लागिरो सरयू बगड़ अरे रामा रामा गजब हो गया ,में खूब थिरके दर्शक

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर**, उत्तरायणी कौतिक मेले में आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम में बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया गया।स्टार नाइट के प्रमुख कलाकारों ने बॉलीवुड के साथ उत्तराखंडी कुमाउनी व गढ़वाली गानों की प्रस्तुति से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। अरे रामा रामा गजब हो गया, तुमसे अखिया लड़ गया,हायी तुझ पे दिखी है मेरी -भाभी बनाकर ले जाएंगे बद्री की दुल्हनिया,--तुम ही तो मेरी स्वीट हार्ट हो::::झमका गिरा रे बरेली के बाजार में,उत्तराखण्ड मयरि जन्मभूमि--परदेशिया ये सच है पिया---सहित विभिन्न बॉलीवुड व कुमाउनी गानों में दर्शकों ने खूब ठुमके लगाए।स्टार नाइट कार्यक्रम में बॉलीवुड गायक चंद्रकला,एंकर और गायक रितु बिष्ट,बॉलीवुड गायक देव नेगी,,वी के सामंत,मान चड्ढा, ने दर्शकों को अपने मनमोहक गानों से थिरकने पर मजबूर कर दिया।दर्शकों ने तालियों और सीटियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। स्टार नाइट कार्यक्रम देखने के लिए कार्यक्रम स्थल में दर्शकों का सैलाब उमड़ा रहा।रात्रि कार्यक्रम देखने हेतु मेला संरक्षक और जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, मेलाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जिपं सदस्य नवीन परिहार, मेलाधिकारी और एसडीएम प्रियंका रानी,सीओ अजय साह,ईओ विनोद जीना,पूर्व ब्लाक प्रमुख कपकोट मनोहर राम,सहित मेलसमिति से जुड़े सदस्यों ने रात्रि कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया।

मेले के स्टार नाइट कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल और मेलाधिकारी एसडीएम प्रियंका रानी ने डीएम और विधायक का संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छऔर शॉल देकर स्वागत किया। मेलार्थियों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि मेले को भव्यता से आयोजित किया जा रहा है।मेले को भव्य और ऐतिहासिक बनाने हेतु मेला कमेटी को बधाईया दी।कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि उत्तरायणी मेला भव्यता से आयोजित किया जा रहा है।





# डॉ के एन मोदी कॉलेज में सम्मान समारोह में छात्रों को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में एक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।छात्रों ने उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निदेर्शों के क्रम में पी बीएस इंटर कॉलेज में आयोजित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के ऊपर आयोजित जनपदीय चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र कृष्ण वर्मा ने प्रथम स्थान तथा अक्षय वर्मा ने तृतीय स्थान व भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्र अयान अल्वी ने तृतीय स्थान तथा लघु नाटिका में छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं की तीनों विधाओं में विद्यालय के छात्रों का दबदबा रहा। सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत छात्रों ने भाषण लघु नाटिका चित्रकला के द्वारा जन समुदाय को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया। संस्कृति उत्सव 2026 में स्थानीय संस्कृति परंपराओं ,लोक कला ,लोकगीत लोक नृत्य, हस्तशिल्प सांस्कृतिक विरासत और जनपद की विशिष्ट पहचान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया।लोक नृत्य गायन विद्या में प्रथम और द्वितीय स्थान पर चयनित छात्र अब 22 जनवरी को मंडल स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय की प्रवक्ता डॉक्टर नीतू डॉक्टर पूनम वशिष्ठ,राजीव कुमार सिंह प्रवीण जैनर आदि का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं में जनपद ही नहीं मंडल व प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एस सी अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान एक उत्सव के रूप में14 जनवरी से 26 जनवरी तक बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## साधु-संतों के साथ कथित मारपीट के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता ने किया विरोध प्रदर्शन

बुलंदशहर मणिकर्णिका घाट से जुड़े मामले और साधु-संतों के साथ कथित मारपीट के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। कांग्रेस कार्यकताओं ने पुलिस पर शंकराचार्य के अपमान का गंभीर आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकताओं को कलेक्ट्रेट तक पहुंचने से रोक दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह केवल संत समाज ही नहीं, बल्कि पूरे सनातन पर आघात है। कांग्रेस कार्यकताओं ने मांग की कि सरकार को इस मामले में घर-घर जाकर माफी मांगनी चाहिए। बुलंदशहर में मणिकर्णिका घाट और शंकराचार्य के कथित अपमान को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन देर तक जारी रहा। इस मौके पर तमाम कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

# ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने ब्राइटवेव इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** दिल्ली मेरठ रोड पर मेट्रो पिलर नंबर 1090 के सामने, ब्राइटवेव इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का भव्य उद्घाटन ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने फीता काटकर किया। ब्राइटवेव इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम के मालिक अजय शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के लिए अब लोगों को दिल्ली मेरठ नहीं भागना पड़ेगा। अच्छी क्वालिटी का सामान शोरूम पर उपलब्ध होगा ।इस मौके पर विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, भाजपा नेता डॉक्टर पवन सिंघल, द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित एवं वेटलिफ्टिंग के अंतर्राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश यादव, भीषम शर्मा, दीपक वशिष्ठ, शरद गुप्ता, रमेश चंद शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अरुण शर्मा हरिओम शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## आज सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह के अंतर्गत निकाली जाएगी जागरूकता रैली

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश सरकार और परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग मथुरा व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 20 जनवरी 2026 को सुबह 10:30 बजे जैन इंटर कॉलेज मथुरा के छात्रों के साथ यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता रैली निकल जाएगी ।यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस रैली का शुभारंभ एआरटीओ परिवर्तन सत्येंद्र कुमार सिंह करेंगे ।जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य निखिल अग्रवाल ने सभी छात्रों से रैली में भाग लेने की अपील की है।यह जानकारी ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने दी है।

# डीपीएस मोदीनगर में कोन-ओ-मेनिया का भव्य शुभारंभ, नन्हे विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर के फाउंडेशन विंग द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत आज 19 जनवरी 2026 को दो दिवसीय विशेष खेल आयोजन कोन-ओ-मेनिया का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 19 एवं 20 जनवरी को विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्री-नर्सरी से कक्षा 2 तक के नन्हे विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं आनंद के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रो-वाइस चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनिशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और भी बढ़ा दिया। इस अवसर पर श्रीमती अनिशा गांधी ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक दक्षता, संतुलन, समन्वय, गति, मानसिक सतर्कता एवं मोटर स्किल्स का विकास करना रहा। गतिविधियों को तीन आकर्षक टैक्स में विभाजित किया गया, जिनमें रंग पहचान आधारित कोन गतिविधियाँ, समयबद्ध दौड़, हॉप एंड पिक जैसी संरचित खेल क्रियाएँ शामिल रहीं।इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने सीखते-सीखते खेल का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने कहा कि इस प्रकार के सुनियोजित खेल आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की सुदृढ़ नींव रखते हैं। हेड मास्टर श्री अंकित गलियान ने आयोजन की सुव्यवस्थित योजना एवं शिक्षकों की टीम भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में कोऑर्डिनेटर मोनिशा, खेल शिक्षक रिसव एवं संभव, तथा शिक्षिकाएँ का विशेष योगदान रहा।

# समाजवादी पार्टी ने एस आई आर समीक्षा बैठक का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** समाजवादी पार्टी मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष देवव्रत धामा के नेतृत्व में एस आई आर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सभी बूथ लेवल एजेंट मौजूद रहे।

देवव्रत धामा ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार पार्टी के बड़ी संख्या में बूथ लेवल एजेंट्स कि उपस्तिथि देखकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन गदगद नजर आये और कहा कि अभी तक पार्टी के हर कार्यक्रम में देवव्रत धामा ने सबसे अच्छा परफॉरमेंस दिया और विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर हर तरह से नम्बर एक रही है। एजेंट्स को एक एक वोट का महत्व बताते हुए कहा कि कोई भी योग्य व्यक्ति वोटर बनने से रह ना जाए, और फॉर्म 6, फॉर्म 7 फॉर्म 8 को भरने का तरीका बताया। देवव्रत धामा ने कार्यक्रम का कुशल संचालन सभी नेताओं का स्वागत किया गया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र त्यागी व श्रवण त्यागी, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी असलम कुरैशी व विवेक यादव, मनीष बंसल, प्रविन्दर चौधरी पट्टी, अभिषेक खन्ना, राजकुमार गुर्जर, राजेश जाटव, बदल कासीम, मुनीश ठेकेदार, रिजवान कस्सार, सुनील द्विवेदी, सुनील शर्मा, नगर अध्यक्ष फरीदनगर वाहिद कुरैशी आदि नेतागण मुख्यरुप से उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म को नष्ट करना चाहती है सरकार -सुनील शर्मा




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा के नेतृत्व में वाराणसी में तोड़े गए मणिकर्णिका घाट माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति पौराणिक मंदिरों के विरोध में तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन में भाजपा सरकार द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को 10 जनवरी 2026 को अचानक ध्वस्त कर दिया गया। जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा कराया गया था यह स्थान माता अहिल्याबाई जी के लिए बहुत महत्व रखता था यही नहीं यहां पर स्थापित माता अहिल्याबाई होल्कर जी की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां भी ध्वस्तीकरण के पश्चात मणिकर्णिका घाट के मलबे में दबी पड़ी है।सभी कांग्रेस जन इस शर्मनाक और अप्रत्याशित कार्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सनातन धर्म की घोर विरोधी भाजपा सरकार को बर्खास्त कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए ।इस अवसर पर मुख्य रूप से कल्पना सिंह अध्यक्ष महिला कांग्रेस,भिखारी लाल कश्यप,चांद वीर चौधरी,पवन देव कोरी,संजय शर्मा,जहुर खान, रविंद्र कुमार शर्मा, फकीर चंद कश्यप, हरिदत्त कसाना, दिनेश शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बच्चों हेतु कुर्सियां, बीन शेप टेबिल, वाइट बोर्ड व प्री स्कूल किट सामग्री का वितरण



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** खंड विकास कार्यालय भोजपुर के अंतर्गत बाल विकास परियोजना भोजपुर कार्यालय से निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार लखनऊ द्वारा आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2023.. 24 हेतु सुसज्जित करने हेतु विभागीय भवनों के लिए कुल 68। केंद्रों पर इंटरलॉकिंग फोमर्मेट,बच्चों हेतु कुर्सियां, बीन शेप टेबिल, वाइट बोर्ड व प्री स्कूल किट सामिग्री का वितरण ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह व खंड विकास अधिकारी भोजपुर अयान जैन द्वारा वितरण किया गया।

# सिद्दी विनायक महाविद्यालय की सामान्य ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** शहर के श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय में युवा प्रतिभा महोत्सव के अंतर्गत सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। सोमवार को सामान्य ज्ञान परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओं का सैलाब सुबह से ही श्री सिद्धि विनायक सिद्धि पर उमड़ पड़ा। आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा में जनपद के सभी ब्लॉकों से 57 इंटर कॉलेज के 3475 छात्र-छात्रायों ने भाग लिया। निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा ने गणेश जी महाराज की आरती उतारकर, पुष्प वर्षा करके परीक्षा का शुभारंभ किया। प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सामान्य ज्ञान परीक्षा में मथुरा जनपद के सभी ब्लाकों से छात्र-छात्राओं ने बड़े ही जोश और उत्साह के साथ भाग लिया है। एलएलबी विभागाध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने बताया की युवा प्रतिभा महोत्सव में आयोजित खेलकूद एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा के विजेताओं का परिणाम 29 जनवरी को घोषित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार एलइडी टीवी, द्वितीय पुरस्कार रेंजर साइकिल, तृतीय पुरस्कार तूफानी और 161 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सहनिदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने इंटर कॉलेजों से आये प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यो का स्मृति चिन्ह देकर पटुका माला उड़ाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई दिलीप यादव ने किया। इस अवसर पर टीकम सिंह राजावत, विष्णुकांत शर्मा, पवन कुमार, कुमरपाल सिंह, जयप्रकाश कुंतल, भानु अग्रवाल, हारून, बालकृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, चंद्रशेखर जोशी, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, अर्चना माथुर, नीलम, मोनिका भारद्वाज, बुलबुल कौशक आदि उपस्थित रहे।

## समाजसेवी स्वर्गीय चौधरी रतन सिंह मलिक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** भाजपा नेता एवं जाट समाज के अध्यक्ष विजय मलिक के चाचा समाजसेवी स्वर्गीय रतन सिंह मलिक की अरिष्टी पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।हापुर रोड स्थित एवीएस गार्डन में श्रद्धांजलि सभा में भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली,सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्ण वीर सिंह, रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह, गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष राजन चौधरी पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।भाई : चौ० नवाब सिंह मलिक, चौ० सुखबीर सिंह मलिक,पुत्रःचौ अरूण सिंह मलिक, भतीजेः चौ० ज्ञानेन्द्र सिंह मलिक एवं भतीजे संजय मलिक, अजय मलिक व विजय मलिक एवं मलिक परिवार ने श्रद्धांजलि सभा में दुख प्रकट करने आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

# गोवर्धन में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी के सम्बंध में बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** सोन मंडल के पाली डुंगरा में एक महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह विराट हिंदू सम्मेलन महाराजा कॉलेज पाली डुंगरा , गोवर्धन में आयोजित होने जा रहा है।इस बैठक में ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र का प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 3 फरवरी को गोवर्धन में होने वाला हिंदू सम्मेलन संपूर्ण हिंदू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनेगा। उन्होंने सम्मेलन की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रत्येक गांव, बस्ती और परिवार से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की जाए। धर्मेंद्र ने हिंदुत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा– यह सम्मेलन किसी जाति, वर्ग या बिरादरी का नहीं है। हम सभी एक हैं, हम सभी हिंदू हैं। यह सम्मेलन पूरे हिंदू समाज का सम्मेलन है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व ही हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी शक्ति है तथा इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक हिंदू को जागरूक होकर आगे आना होगा। बैठक में मंचासीन रूप से जूना अखाड़ा के महाराज जी, गोवर्धन खंड हिंदू सम्मेलन के पालक ज्ञानेंद्र सिंह राणा, महावीर (प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख, ब्रज प्रांत), पारस (विभाग प्रचारक, मथुरा विभाग), कुश चहर (जिला प्रचारक, कोसी) अमित प्रचारक गोवर्धन, श्याम सुंदर उपाध्याय (खंड संयोजक, गोवर्धन), विपिन सिंह प्रमुख कान्हा चौधरी (प्रचार प्रमुख), राजेश आर्य, महेश (जिला सेवाप्रमुख) सहित मंडल संयोजक हेमराज कुंतल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल एवं ग्राम पंचायत समितियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए मंडल संयोजक हेमराज कुंतल ने कहा कि इस विराट हिंदू सम्मेलन को अत्यंत भव्य बनाने के लिए मंडल का संकल्प है कि 10,000 से अधिक हिंदू समाज के लोग इस सम्मेलन में सहभागी बनें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पाली डुंगरा एवं आसपास के सभी ग्रामों से अभूतपूर्व सहभागिता रहेगी। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि इस विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह आलोक रहेंगे, मुख्य अतिथि देवकीनंदन ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि दीदी साध्वी सरस्वती रहेंगी। यह सम्मेलन प्रत्येक हिंदू को समाज, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराएगा। बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रमुख कार्यकर्ता, माताएं-बहनें, युवा शक्ति एवं सरदारी की सक्रिय उपस्थिति रही।

सभी ने संकल्प लिया कि हिंदुत्व, समाज की एकता और राष्ट्रहित के लिए इस विराट हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक सफलता प्रदान की जाएगी तथा हिंदू समाज को संगठित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# गाजियाबाद में सोसाइटी एवं फर्म रजिस्ट्रेशन कार्यालय की गतिविधियों में तेजी

## डिप्टी रजिस्ट्रार ने बताए दो वर्षों के आंकड़े, रोज दो नए रजिस्ट्रेशन और चार रिनुअल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोसाइटी एवं फर्म रजिस्ट्रेशन का कार्यालय वर्ष 2024 से मेरठ से स्थानांतरित होकर अब गाजियाबाद में संचालित हो रहा है। इस कार्यालय से गाजियाबाद एवं गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) जिले की सोसाइटी एवं फर्मों का पंजीकरण और नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। बारे में खास वार्ता के दौरान डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव कुमार ने बताया कि कार्यालय के स्थान परिवर्तन के बावजूद सभी प्रक्रियाएँ पहले की तरह ही नियमों के तहत संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि भले ही कार्यालय गाजियाबाद में है लेकिन वो सप्ताह में तीन दिन गौतम बुद्ध नगर में बैठते भी हैं, लेकिन संपूर्ण कार्यवाही गाजियाबाद कार्यालय में ही होती है। उन्होंने बताया कि पिछले 2 वर्ष के आंकड़े इस प्रकार हैंः- 1 फरवरी 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक के दौरान दोनों जिलों में रजिस्ट्रेशन एवं रिनुअल में बढ़ोतरी हुई है।अभी तक के आंकड़ों के मुताबिक :

गौतम बुद्ध नगर में कुल 498 नई समितियाँ रजिस्टर्ड हुई गाजियाबाद में 462 समितियों का नया रजिस्ट्रेशन हुआ।

जबकि सोसाइटी रिनुअल के आंकड़े इस प्रकार हैंः-

गौतम बुद्ध नगर में 587 सोसाइटी का रिनुअल गाजियाबाद में 715 रिनुअल हुए वहीं अभी तक पार्टनरशिप

गौतम बुद्ध नगर में कुल 277 नई फर्म रजिस्टर्ड हुईं और गाजियाबाद में कुल 256 फर्मों का पंजीकरण हुआ। सब रजिस्ट्रार ने बताया कि वर्तमान में दोनों जिलों में औसतन प्रतिदिन दो नए रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं, जबकि चार रजिस्ट्रेशन का रिनुअल किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर इस प्रक्रिया को और सुगम व पारदर्शी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

डिप्टी रजिस्ट्रार ने बताया कि कार्यालय के गाजियाबाद में स्थापित होने से लोगों को सुविधाजनक पहुंच और त्वरित कार्यवाही का लाभ मिला है। आमजन की जरूरतों को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ एवं तकनीकी सुधारों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# रोबोफेस्ट-गुजरात 5.0 में सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के छात्रों का कमाल

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** भारत की प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी रोबोटिक्स प्रतियोगिता रोबोफेस्ट-गुजरात 5.0 में सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल के कक्षा 11 के छात्र हर्ष गुप्ता और मयंक चौधरी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्वचालित वाहन बॉट तैयार कर राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। हर्ष और मयंक द्वारा विकसित 'एआई स्वचालित वाहन बॉट' परियोजना का चयन प्रतियोगिता के स्तर एक और स्तर दो (संकल्पना प्रमाण चरण) में किया गया, जिसके लिए उन्हें 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह बॉट बिना मानवीय हस्तक्षेप के वाहन को सुरक्षित, स्मार्ट और नियंत्रित तरीके से चलाने में सक्षम है। परियोजना में आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक का प्रयोग कर भविष्य की परिवहन समस्याओं का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया गया है।

छात्रों की मेहनत और तकनीकी समझ यहीं तक सीमित नहीं रही। परियोजना की गुणवत्ता, उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए इसे स्वचालित वाहन बॉट श्रेणी में स्तर तीन यानी प्रोटोटाइप चरण के लिए भी चयनित किया गया है। इस चरण में एक वास्तविक स्वचालित कार मॉडल विकसित किया जाएगा। इसके लिए गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा एक लाख रुपये की अनुदान सहायता देने की स्वीकृति दी गई है, जिसे छात्रों के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद हर्ष और मयंक ने जिस तरह से नवीन तकनीक का उपयोग कर एक प्रभावी और व्यावहारिक मॉडल तैयार किया, वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। उनकी यह सफलता रचनात्मक सोच, तकनीकी दक्षता और निरंतर सीखने की लगन को दशार्ती है। इस अवसर पर सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के उपाध्यक्ष नमन जैन ने कहा कि हर्ष और मयंक की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह सिद्ध करती है कि यदि छात्रों को सही मार्गदर्शन, मंच और प्रोत्साहन मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। विद्यालय शिक्षा को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर नवाचार, अनुसंधान और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए छात्रों को प्रेरित करता है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी दोनों छात्रों की प्रशंसा करते हुए उम्मीद जताई कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढे के लिए प्रेरित करेगी।

# 12 रुपये के गैस बिल का डर दिखाकर पौने 13 लाख रुपये उड़ाए

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने महज 12 रुपये के गैस बिल बकाए का डर दिखाकर एक व्यक्ति से पौने 13 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को गैस कंपनी का कर्मचारी बताकर पीड़ित को विश्वास में लिया और कंपनी के नाम से फर्जी एपीके फाइल तथा पेमेंट लिंक भेजकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के नीति खंड-एक निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को आईजीएल कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनके गैस कनेक्शन पर 12 रुपये का बकाया है, जिसे तत्काल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। कनेक्शन कटने के भय से आरोपी ने व्हाट्सऐप पर आईजीएल के नाम से एक एपीके फाइल और एक पेमेंट लिंक भेज दिया। विनोद कुमार के अनुसार, गैस कनेक्शन कटने के डर में उन्होंने भेजे गए लिंक पर क्लिक कर इंटरनेट बैंकिंग और डेबिट कार्ड से भुगतान की प्रक्रिया शुरू की। हालांकि ओटीपी नहीं मिलने पर उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने आगे भुगतान करने से मना कर दिया। इसके बावजूद कुछ ही मिनटों बाद लगातार ओटीपी आने लगे, जिससे उन्हें ठगी की आशंका और गहरा गई। पीड़ित ने उसी दिन शाम करीब चार बजे बैंक पहुंचकर अपना खाता ब्लॉक करा दिया, लेकिन इसके बावजूद ठगों की गतिविधि नहीं रुकी।

# नगर निकायों की योजनाओं की जिलाधिकारी ने की सख्त समीक्षा, जनसुविधाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनसामान्य को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और नगर निकायों में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति को गति देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में नगर निकायों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुविधाओं के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्रमवार मोदीनगर, मुरादनगर, खोड़ा-मकनपुर, लोनी नगर पालिकाओं तथा डासना, पतला, निवाड़ी और फरीदनगर नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों एवं अध्यक्षों से क्षेत्रवार जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान पेयजल व्यवस्था, कच्ची-पक्की सड़कें, गड्ढायुक्त सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था, सौंदर्यकरण, हरियाली और पौधारोपण, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, तालाबों के सौंदर्यीकरण, सड़कों के किनारे दीवारों और खाली प्लॉटों की स्वच्छता, आवारा पशुओं और गौवंश संरक्षण, सरकारी भूमि पर कब्जे, स्टाफ की उपलब्धता तथा उपकरण और मशीनरी की स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि पेयजल व्यवस्था शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए और किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या न रहे। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य आगामी 20 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कराए जाएं, ताकि भविष्य में बार-बार सुधार कार्य की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय निरीक्षण कर जनप्रतिनिधियों और आमजन से संवाद स्थापित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य तय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मरम्मत और निर्माण कार्य में मानकों से कोई समझौता न किया जाए। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण को नियमित और प्रभावी ढंग से किया जाए।

# नोएडा सेक्टर 63 पुलिस ने 2 ठगो को गिरफ्तार किया, देश विदेश घुमाने के नाम पर करते थे ठगी

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** नोएडा सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने देश-विदेश घुमाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अब आरोपियों की अवैध संपत्ति कर्क की जाएगी।

दोनों के खिलाफ एक वर्ष पहले मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में रहने वाले सौरभ तलवाड़िया ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि वह पत्नी के साथ वर्ष 2018 में गाजियाबाद के एक मॉल गए थे। मॉल में एक व्यक्ति ने फॉर्म भरवाया और उनका नाम एक लक्की ड्रॉ में डालने की बात कही। कुछ दिनों के बाद उनके पास कॉल आई कि उनका नाम लक्की ड्रॉ में चुना गया है। इसके बाद उन्हें गाजियाबाद के पांच सितारा होटल में बुलाया। यहां उन्हें कम दाम में हॉलिडे पैकेज बताए गए। उन्हें 10 साल तक हर साल सात दिन का हॉलिडे पैकेज देने की बात कही गई। इसके लिए उनसे एक लाख 40 हजार रुपये लिए गए। उन्होंने बाद में मनाली, शिमला समेत कुछ अन्य जगहों पर होटल बुकिंग का प्रयास किया तो कंपनी से कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने होटल को चेक किया तो पता चला कि ऑफर में दिए होटल असल में हैं ही नहीं। इस मामले में पुलिस ने गाजियाबाद निवासी विशाल कुमार राय और दिल्ली के करावल नगर निवासी दीपक राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपियों के खिलाफ सभी मामलों में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल हो चुके हैं। अब आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ है। इन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और अवैध संपत्ति कर्क की जाएगी।

# मर्णिकर्णिका घाट ध्वस्तीकरण का आरोप, कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** द खासगी देवी आहिल्याबाई होल्कर चेरिटेबल ट्रस्ट ने वाराणसी स्थित ऐतिहासिक मर्णिकर्णिका घाट को ध्वस्त किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने यह ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्योति मौर्या को सौंपते हुए इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ट्रस्ट पदाधिकारियों का कहना है कि मर्णिकर्णिका घाट का जीर्णोद्धार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा कराया गया था और यह स्थल उनके लिए विशेष धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व रखता था। आरोप है कि 10 जनवरी 2026 को बिना किसी पूर्व सूचना या वैधानिक प्रक्रिया के, वाराणसी नगर निगम के अधिकारियों के निर्देश पर इस ऐतिहासिक घाट को कुछ ही घंटों में ध्वस्त कर दिया गया, जिससे सदियों पुरानी विरासत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। ज्ञापन में कहा गया कि ध्वस्तीकरण के दौरान ऐतिहासिक महत्व की कई मूर्तियां और स्थापत्य अवशेष मलबे में दब गए हैं, जो भारतीय संस्कृति और इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं। ट्रस्ट का आरोप है कि इस पूरी कार्रवाई में न तो ऐतिहासिक महत्व का ध्यान रखा गया और न ही संबंधित ट्रस्ट या आमजन को विश्वास में लिया गया, जो प्रशासनिक लापरवाही और असंवेदनशीलता को दशार्ता है।

# चेकिंग के दौरान वाहन चोर दबोचा, दो चोरी की बाइक बरामद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो चोरी की बाइक बरामद की हैं। आरोपी दिल्ली से बाइक चोरी कर ट्रांस हिंडन क्षेत्र में उन्हें छिपाकर रखने और खपाने की फिराक में था। पुलिस की सतर्कता से समय रहते उसे दबोच लिया गया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार देर रात कौशांबी थाना पुलिस इलाके में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया। जांच के दौरान वह बाइक से संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। संदेह होने पर पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मोहम्मद सरवर उर्फ इबरान उर्फ इमरान बताया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बाइक दिल्ली से चोरी कर लाया था। इसके साथ ही उसने एक और चोरी की बाइक के बारे में भी जानकारी दी, जिसे उसने भोवापुर क्षेत्र में एक पुरानी इमारत के अंदर छिपाकर रखा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां से दूसरी चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई।

# करोड़ों के प्लॉट को कौडियों में बेचने का आरोप, भाई-बहन व जीडीए कर्मियों पर केस दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही भाई-बहन पर जीडीए कर्मचारियों से साठगांठ कर करोड़ों रुपये कीमत के प्लॉट को बेहद कम दाम में बेचने का गंभीर आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता की ओर से कोर्ट के आदेश पर छह नामजद व्यक्तियों और अज्ञात जीडीए कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। कविनगर ई-ब्लॉक निवासी शारदेंदू गुप्ता ने कोर्ट में दिए गए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उनकी माता स्वर्गीय मनोरमा गुप्ता के नाम इंदिरापुरम के शक्ति खंड-चार स्थित एयरफोर्स हिंडन कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में एक भूखंड आवंटित था। वर्ष 1994 में माता के निधन के बाद यह भूखंड उनके, उनके भाई विकास गुप्ता और बहन सुषमा गोयल के नाम एक-तिहाई हिस्से के सहस्वामित्व में आ गया। शारदेंदू गुप्ता का आरोप है कि व्यवसाय के चलते वह अक्सर शहर से बाहर रहते थे, जिसका फायदा उठाकर उनके भाई विकास गुप्ता ने कथित रूप से साजिश रची। नवंबर 2024 में जब वह भूखंड पर पहुंचे तो वहां निर्माण कार्य चलता हुआ मिला। जानकारी मांगने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। बाद में विकास गुप्ता ने उन्हें बताया कि भूखंड कुलदीप त्यागी को बेच दिया गया है। जांच में सामने आया कि विकास गुप्ता ने जीडीए में शिकायतकर्ता के फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित शपथ-पत्र दाखिल कराया और स्वयं को भूखंड का एकमात्र मालिक दशार्या। इसके बाद पावर ऑफ अटॉर्नी मंगू सिंह त्यागी के नाम कर दी गई। आरोप है कि मंगू सिंह त्यागी ने आगे यह भूखंड अपने पुत्र कुलदीप त्यागी को मात्र 1.70 लाख रुपये में बेच दिया, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में इसकी कीमत लगभग 88 लाख रुपये दर्ज है और बाजार मूल्य करीब चार करोड़ रुपये बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस फजीर्वाड़े में विजयपाल सिंह और लाल बहादुर सिंह को गवाह बनाया गया, जिन्होंने कथित रूप से रुपये लेकर दस्तावेजों पर गवाही दी।

# बकाएदारों को पड़ोसियों से बिजली देना पड़ेगा भारी, औचक निरीक्षण के लिए गठित हुईं विशेष टीमें

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** विद्युत बिल बकाएदारों पर कार्रवाई को लेकर विद्युत निगम ने सख्त रुख अपना लिया है। एक ओर पिछले डेढ़ माह से बकाएदारों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग अपने पड़ोसियों को अवैध रूप से बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए विद्युत निगम ने अब ऐसे लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। विद्युत निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया बिल के कारण काट दिए गए हैं, वे पड़ोसियों से अवैध रूप से बिजली लेकर उपयोग कर रहे हैं। इससे न तो बकाएदार बिल जमा कर रहे हैं और न ही कनेक्शन दोबारा जुड़वाने के लिए आगे आ रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए निगम ने सभी क्षेत्रों में विशेष टीमें गठित की हैं, जो औचक निरीक्षण कर अवैध बिजली उपयोग पर कार्रवाई करेंगी। उल्लेखनीय है कि एक दिसंबर से बिजली बिल राहत योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत बकाएदारों को ब्याज (सरचार्ज) में सौ प्रतिशत और मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके बावजूद बड़े बकाएदार योजना का लाभ लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसी कारण विद्युत निगम द्वारा लगातार कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। बीते करीब डेढ़ माह में एक हजार से अधिक बकाएदारों के कनेक्शन काटे जा चुके हैं। विद्युत निगम के अनुसार, योजना के अंतर्गत कुल 39 हजार 513 बकाएदार चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से अब तक 24 हजार 851 उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया है। इनसे करीब 28 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। निगम की टीमें वसूली के लिए घर-घर जाकर प्रयास कर रही हैं, इसके बावजूद बड़ी संख्या में बकाएदार आगे नहीं आ रहे हैं। अब निगम की टीमें उन घरों का विशेष रूप से निरीक्षण करेंगी, जिनके कनेक्शन काटे जा चुके हैं।

# बेसलाइन निपुण आकलन संपन्न, 27 जनवरी तक चलेगा विशेष अभ्यास अभियान, 389 विद्यालयों में होगा केंद्रित प्रयास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 27 जनवरी से प्रस्तावित निपुण आकलन की तैयारियों के तहत बेसलाइन निपुण आकलन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह आकलन मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डायट प्राचार्य एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव के मार्गदर्शन में जनपद की टीम, जिसमें एसआरजी, निपुण सेल और अकादमिक टीम शामिल रही, के सहयोग से तैयार किए गए आकलन प्रपत्रों के माध्यम से किया गया। बेसलाइन आकलन से प्राप्त प्रगति के आधार पर अब 27 जनवरी तक नियमित रूप से पिछड़े बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण कार्य कराया जाएगा, जबकि सक्षम बच्चों को उनकी दक्षताओं को और मजबूत करने के लिए अभ्यास कराया जाएगा। इसके लिए निपुण सेल और अकादमिक टीम द्वारा विशेष रूप से अभ्यास पत्रकों का निर्माण किया गया है, ताकि बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में दक्ष बनाया जा सके। डीसी प्रशिक्षण सिंपल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा एक और दो के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता में निपुण बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में वर्ष 2026-27 तक निपुण भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इस लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने वाला अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। इसी क्रम में जनपद गाजियाबाद के सभी 389 प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में 27 जनवरी तक इन अभ्यास पत्रकों के माध्यम से बच्चों को निपुण दक्षताओं पर केंद्रित अभ्यास कराया जाएगा। थर्ड पार्टी एसेसमेंट के अंतर्गत डायट के प्रशिक्षु विद्यालयों में रोस्टर के अनुसार 27 जनवरी से बच्चों का आकलन करेंगे, जिससे मूल्यांकन की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।